धनबाद, सोमवार
15 जून 2026
वर्ष : 03 अंक : 255
पृष्ठ : 08
मूल्यः 3 /-
E-Mail:-truthpath941@gmail.com

हिन्दी दैनिक समाचार

# ट्रुथ पथ




## ब्रीफ न्यूज

### नकली बीज मामले 6 को जेल

बीकानेर(एजेंसी) : नकली बीज खपाने और उसके बदले 2 करोड़ 45 लाख लेने के मामले में गिरफ्तार जुगल किशोर बिश्नोई और उसके भांजे स्वतंत्र ज्याणी समेत 6 को कोर्ट ने जेल भेज दिया है। आरोपियों को कुल 7 दिन की रिमांड दी गई थी। इसके बाद रविवार को उन्हें कोर्ट में पेश किया और न्यायिक अभिरक्षा भेज दिया। जानकारी के अनुसार, पूछताछ में जांच एजेंसी को पूरे नेटवर्क, पैसों के लेनदेन और भ्रष्टाचार से जुड़े कई महत्वपूर्ण सुराग हाथ लगे हैं। वहीं पूछताछ में सामने आए तथ्यों और डॉक्युमेंट्स की जांच आगे की जा रही है। एसीबी अधिकारी आशीष कुमार और विनोद कुमार से संपर्क करने का प्रयास किया लेकिन संपर्क नहीं हो सका। एडिशनल एसपी महेंद्र कुमार शर्मा मामले की जांच कर रहे हैं।

### अब नहीं बजेगा फोन पर इमरजेंसी अलर्ट

नई दिल्ली(एजेंसी) : अगर पिछले कुछ दिनों में आपके स्मार्टफोन पर अचानक से कोई तेज आवाज वाला सायरन बजा है और स्क्रीन पर एक इमरजेंसी अलर्ट का मैसेज फ्लैश हुआ है, तो अब ऐसा कुछ समय के लिए नहीं होगा। भारत सरकार ने इस सेल ब्रॉडकास्ट अलर्ट सिस्टम को फिलहाल के लिए रोक दिया है। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अधिकारियों ने जानकारी दी है कि इस सर्विस को अस्थायी तौर पर सस्पेंड किया जा रहा है। आइए जानते हैं कि यह सर्विस क्या थी, इसे क्यों रोका गया और यह सामान्य एसएमएस से कैसे अलग है। यह एक खास तरह का अलर्ट सिस्टम है, जिसे सरकार ने मई महीने में ही ऑफिशियली लॉन्च किया था। इसका मुख्य काम किसी भी प्राकृतिक आपदा के समय लोगों को तुरंत अलर्ट करना है, ताकि वे सुरक्षित स्थानों पर जा सकें। हाल ही में उत्तर भारत में आए तूफान के दौरान कई लोगों को इसके जरिए अलर्ट भेजे गए थे। इस सिस्टम के तहत फोन की स्क्रीन पर सबसे ऊपर एक पॉपअप मैसेज आता है और साथ में एक तेज अलार्म बजता है, जो आपका ध्यान तुरंत खींच लेता है।

### रौशन आनंद के भाई की संदिग्ध मौत

पटना(एजेंसी) : सहरसा निवासी और चर्चित शिक्षक रौशन आनंद के छोटे भाई प्रिंस कुमार यादव की नेपाल के विराटनगर स्थित एक होटल में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। यह घटना 13 जून की देर रात हुई। घटना के बाद नेपाल पुलिस ने इसे संदिग्ध मानते हुए जांच शुरू कर दी है। हालांकि अब तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि उनकी मौत किन परिस्थितियों में हुई, जिसके कारण मामले को लेकर कई तरह की अटकलें लगाई जा रही हैं। परिजन और रौशन आनंद के समर्थक प्रिंस की हत्या का आरोप लगा रहे हैं। इधर, पुलिस ने प्रिंस यादव के साथ मौजूद लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। पुलिस घटना के सभी पहलुओं की जांच कर रही है और मौत के वास्तविक कारणों का पता लगाने का प्रयास कर रही है।

### सायोनी युवा विंग अध्यक्ष से हटाई गई

कोलकाता(एजेंसी) : ममता बनर्जी ने तृणमूल कांग्रेस यानी टीएमसी पार्टी में 7 दिन के अंदर दो बार संगठनात्मक बदलाव किए। सांसद सायोनी घोष को पार्टी की यूथ विंग के अध्यक्ष पद से हटा दिया गया। उनकी जगह युवा नेता अग्रब बनर्जी को यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके साथ ही ममता ने सांसद माला रॉय को महिला मोर्चा के अध्यक्ष पद से हटा दिया। माला रॉय की जगह नादिया जिले के कालिगंज से टीएमसी विधायक अलीफा अहमद को अध्यक्ष नियुक्त किया है। दरअसल 3 जून को 58 विधायकों के अलग गुट बनाने के बाद ममता ने पार्टी की सभी कमेटियां भंग कर दी थीं। 5 जून को उन्होंने मीटिंग करके वफादार मानी जाने वालीं सायोनी और माला को नई जिम्मेदारी सौंपी थी।

# पीएम मोदी का फ्रांस में भारतीय समुदाय ने किया स्वागत

## प्रधानमंत्री ने बच्चे को दुलार, महिलाओं ने मोदी के हाथ को अपने माथे पर लगाया



नीस,(एजेंसी) : पीएम नरेंद्र मोदी शनिवार रात फ्रांस के नीस शहर पहुंचे। पीएम मोदी रविवार दोपहर में फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ द्विपक्षीय बैठक करेंगे। साथ ही भारत इनोवेट्स कार्यक्रम का उद्घाटन करेंगे। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक दोनों देशों के बीच टेक्नोलॉजी, इनोवेशन, हेल्थ टेक, मेडिकल टेक्नोलॉजी, एआई, सेमीकंडक्टर और स्पेस टेक्नोलॉजी से जुड़े 12 समझौते हो सकते हैं। भारत और फ्रांस के बीच 114 राफेल लड़ाकू विमानों की डील पर चर्चा होगी। भारत चाहता है कि इन विमानों में अपने हथियार जोड़ने की सुविधा मिले। इसके लिए सोर्स कोड का मुद्दा भी उठाया जाएगा। डील पर अभी कैबिनेट की सुरक्षा मामलों की समिति की मंजूरी नहीं मिली है। पीएम मोदी की यात्रा के बाद ही इस पर अंतिम फैसला लिया जाएगा।रिपोर्ट के मुताबिक फ्रांस के नीस शहर में भारतीय समुदाय ने पीएम का स्वागत किया। पीएम ने एक बच्चे को दुलार भी किया। भारतीय समुदाय की महिलाओं ने पीएम के हाथ को अपने सिर पर लगाया। पीएम मोदी 13 से 18 जून तक फ्रांस और स्लोवाकिया के 6 दिनों के दौरे पर हैं। पीएम बनने के बाद उनकी यह 7वीं फ्रांस यात्रा है। उनका फ्रांस दौरा दो फेज में होगा। इस दौरान 3 शहरों नीस, एवियान और पेरिस जाएंगे। वे 13-14 जून तक नीस में ही रहेंगे।

16 से 17 जून को एवियान में जी7 समिट में हिस्सा लेंगे। 18 जून को पेरिस में राष्ट्रपति मैक्रों के साथ विवाटेक सम्मेलन में जाएंगे। 17 जून को जी7 समिट के दौरान मोदी की अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प से द्विपक्षीय मुलाकात हो सकती है। दोनों आखिरी बार फरवरी 2025 में वॉशिंगटन में मिले थे। फ्रांस दौरे के बीच पीएम मोदी 14 जून की शाम फ्रांस से स्लोवाकिया जाएंगे और 15 जून तक वहीं रुकेंगे। इस दौरान स्लोवाकिया के पीएम रोबर्ट फिको और राष्ट्रपति पीटर पेलेग्रीनी से मुलाकात करेंगे। 1993 में स्लोवाकिया के आजाद देश बनने के बाद किसी भारतीय पीएम का यह पहला दौरा है।

# ट्रेन में आग की अफवाह सुनकर कूदे यात्री

## दूसरी ट्रेन की चपेट में आकर चार लोगों की मौत



मुरैना (एजेंसी) : मुरैना जिले के हेतमपुर और घेर रेलवे स्टेशनों के बीच रविवार शाम एक दर्दनाक हादसा हो गया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, उदयपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस में आग लगने की अफवाह फैलने के बाद घबराए यात्रियों ने चेन पुलिंग कर ट्रेन रोक दी। इसके बाद कुछ यात्री ट्रेन से उतरकर रेलवे ट्रैक पर आ गए और दूसरी लाइन पर आ रही पातालकोट एक्सप्रेस की चपेट में आ गए। हादसे में तीन महिलाओं और एक मासूम बच्चे समेत कुल चार लोगों की मौत की सूचना है, जबकि कई अन्य यात्री घायल बताए जा रहे हैं। हालांकि मृतकों और घायलों की संख्या को लेकर प्रशासन की ओर से आधिकारिक पुष्टि का इंतजार है।

जानकारी के मुताबिक, उदयपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस ग्वालियर से मुरैना की ओर जा रही थी। इसी दौरान किसी यात्री ने डिब्बे में आग लगने की बात कही, जिससे बोगी में अफरातफरी मच गई। घबराए यात्रियों ने आपातकालीन चेन खींचकर ट्रेन रोक दी और कई लोग नीचे उतर गए। इसी दौरान पास की लाइन पर धौलपुर की ओर से आ रही पातालकोट एक्सप्रेस वहां पहुंच गई और कुछ यात्री उसकी चपेट में आ गए। घटना के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। सूचना मिलते ही जीआरपी, आरपीएफ और मुरैना पुलिस की टीमें घटनास्थल पर पहुंचीं। राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया गया तथा मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा गया। मृतकों की पहचान करने और उनके परिजनों से संपर्क करने की प्रक्रिया जारी है।

# एक आज्ञाकारी नौकर वाला है वतार्वः राहुल गांधी

### अमेरिकी हमलों में भारतीय नाविकों की मौत को लेकर मोदी सरकार को घेरा

### -बोले- भारतीयों की मौत पर अमेरिका ने न अफसोस जताया, न माफी मांगी



नई दिल्ली(एजेंसी) : लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने अमेरिकी हमलों में भारतीय नाविकों की मौत के मुद्दे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्र सरकार को निशाने पर लिया है। उन्होंने केंद्र सरकार को एक आज्ञाकारी नौकर बताते हुए कहा कि देश का सम्मान और रक्षा करने में विफल रही यह सरकार।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर पोस्ट करते हुए सरकार की विदेश नीति और अमेरिका के प्रति उसके रुख पर तीखे सवाल उठाए हैं। राहुल गांधी ने अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो और भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर के बीच हुई बातचीत का हवाला देते हुए कहा, कि अमेरिकी हमलों में भारतीय नागरिकों की मौत के बावजूद अमेरिका ने न तो खेद व्यक्त किया और न ही माफी मांगी। राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि अमेरिका लगातार निदेर्शात्मक भाषा का इस्तेमाल कर रहा है और भारत सरकार उसका पर्याप्त विरोध तक नहीं कर रही है। उन्होंने कहा कि एक स्वतंत्र राष्ट्र ऐसी भाषा स्वीकार नहीं कर सकता। कांग्रेस नेता ने प्रधानमंत्री पर कटाक्ष करते हुए उन्हें आज्ञाकारी नौकर तक बताया और कहा, कि सरकार देश के सम्मान की रक्षा करने में विफल रही है।राहुल गांधी ने एक अन्य पोस्ट में कहा कि भारतीय नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना सरकार की जिम्मेदारी है। उन्होंने विदेश में फंसे भारतीयों और प्रभावित नाविकों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए सरकार से ठोस कार्रवाई की मांग की।

भारतीय नाविकों की मौत के बाद बढ़ा राजनीतिक विवाद

गौरतलब है कि ओमान तट के निकट हाल के दिनों में अमेरिकी नौसेना और अमेरिकी सेंट्रल कमांड द्वारा की गई सैन्य कार्रवाई में तीन भारतीय नाविकों की मौत हुई थी। इस घटना के बाद विपक्षी दलों ने केंद्र सरकार पर कड़ा रुख अपनाने का दबाव बढ़ाया है। भारतीय नाविकों की मौत के मुद्दे पर अब राजनीतिक बहस तेज हो गई है। विपक्ष सरकार की विदेश नीति और प्रतिक्रिया पर सवाल उठा रहा है, जबकि सरकार का कहना है कि उसने राजनयिक स्तर पर अमेरिका के समक्ष भारत की आपत्ति स्पष्ट रूप से दर्ज कराई है। वहीं दूसरी तरफ अमेरिका के रुख से लगातार सवाल उठ रहे हैं और सरकार घिरती नजर आ रही है।

# स्टेशन पर जमकर बरसाए पत्थर, आईजी समेत कई पुलिसकर्मी घायल

### ट्रेन नहीं मिलने से भड़के छात्रों ने की तोड़फोड़, पुलिस ने लाठी भांजी, फायर किए और आंसूगैस के गोले दागे



पटना(एजेंसी) : न तो सरकारें निष्पक्ष परीक्षाएं करा पा रही है और न रोजगार दे पा रही है। परीक्षाएं होती भी है तो चयन के बाद 3-3 साल नियुक्ति नहीं मिलती। इस तरह की अनदेखी से युवाओं में बढ़ता गुस्सा पाटलिपुत्र रेलवे स्टेशन पर फूटा पड़ा। बिहार पुलिस मद्य निषेध विभाग की भर्ती परीक्षा देने जा रहे हजारों अभ्यर्थियों ने ट्रेनों की कमी और ट्रेन लेट पहुंचने से नाराज होकर रविवार को पाटलिपुत्र स्टेशन पर जमकर बवाल काटा। इस दौरान आक्रोशित छात्रों ने रेलवे ट्रैक पर कूदकर ट्रेनों को रोक दिया, पथराव किया और एग्जाम स्पेशल ट्रेन में तोड़फोड़ भी की। बिगड़ते हालातों को देखते हुए पुलिस भीड़ को तितर-बितर करने के लिए आश्रु गैस के गोले छोड़े, फिर फायरिंग कर दी। इस उपद्रव में जमकर पथराव किया गया, जिसमें आईजी सहित करीब आधा दर्जन पुलिसकर्मी घायल हो गए।

6 छात्र गिरफ्तार, 500 के खिलाफ मामला दर्जबिहार में सिपाही भर्ती परीक्षा शुरू होने से पहले पाटलिपुत्र रेलवे स्टेशन पर छात्रों ने जमकर हंगामा किया। परीक्षा देने पहुंचे छात्रों ने अव्यवस्थाओं का आरोप लगाया। मामले में 6 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। छात्रों ने कई ट्रेनों को रोक दिया था। स्टेशन पर दुकानों, एग्जाम स्पेशल ट्रेन में तोड़फोड़ की। इसके चलते स्टेशन पर कांच के टुकड़े और पत्थर बिखरे नजर आए। मौके पर पहुंचे पटना के डीएम डॉ. त्यागराजन ने बताया कि आधी रात के करीब हमें खबर मिली कि कुछ लोग हंगामा कर रहे हैं। हमने उनसे गुजारिश की कि वे हंगामा न करें और परीक्षार्थियों का सहयोग करें। कुछ असामाजिक तत्वों ने बार-बार इमरजेंसी चेन खींची और तरह-तरह की मांगें रखीं, जैसे कि स्पेशल ट्रेनों की मांग, जबकि पहले से ही दो स्पेशल ट्रेनें चलाई गई थीं। त्यागराजन ने यह भी बताया कि प्रदर्शनकारियों ने उन छात्रों को भी रोका, जो जाना चाहते थे। इन वजहों से हमें हल्का बल प्रयोग करना पड़ा। अब स्थिति पूरी तरह सामान्य है और ट्रेनें रवाना हो चुकी हैं।

# राष्ट्रपति ने त्योहार राजा पर दी बधाई, यह त्योहार प्रकृति से मिलकर रहने की याद दिलाता है

### यह पर्व ओडिशा में मनाया जाने वाला तीन दिवसीय नारीत्व का त्योहार है



नई दिल्ली,(एजेंसी) : राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने ओडिशा में मनाए जाने त्योहार राजा पर राज्य के लोगों को बधाई दी है। राष्ट्रपति ने एक्स पर लिखा- फसल के त्योहार राजा के मौके पर मैं देश के लोगों और खासकर ओडिशा के लोगों को दिल से बधाई देती हूं। राष्ट्रपति मुर्मु ने लिखा- मानसून के मौसम का यह मनभावन त्योहार धरती, मां और बादलों के सम्मान में मनाया जाता है। पीठा, पान के पत्ते और झूला झूलने जैसे उत्सवों के बीच राजा हमें प्रकृति के साथ मिल-जुलकर रहने की याद दिलाता है।

उन्होंने कहा कि मुझे उम्मीद है कि राजा त्योहार की यह खास भावना हमें राष्ट्र निर्माण के लिए खुद को समर्पित करने के लिए प्रेरित करेगी। राजा के इस उत्सवपूर्ण मौके पर मैं राज्य और देश के लोगों की खुशी, शांति और समृद्धि की कामना करती हूं। बता दें राजा पर्व ओडिशा में मनाया जाने वाला तीन दिवसीय नारीत्व का त्योहार है। माना जाता है कि हिंदू देवी भूमि जो देवी महालक्ष्मी का धरती माता वाला रूप हैं और भगवान विष्णु की पत्नी हैं, इस त्योहार के पहले तीन दिनों के दौरान मासिक धर्म से गुजरती हैं। चौथे दिन को वसुमती स्नान या भूमि का औपचारिक स्नान कहा जाता है।

राजा शब्द संस्कृत के रजस शब्द से आया है, जिसका अर्थ है मासिक धर्म और मासिक धर्म वाली महिला को रजस्वला कहा जाता है। मध्यकाल में यह त्योहार खेतीबाड़ी से जुड़े त्योहार के तौर पर लोकप्रिय हुआ, जिसमें भूमि की पूजा की जाती है। देवी भूमि को भगवान विष्णु के ही एक क्षेत्रीय रूप जगन्नाथ की पत्नी के तौर पर पूजा जाता है। पुरी मंदिर में जगन्नाथ के बगल में भूमि देवी की चांदी की मूर्ति भी मौजूद है। यह त्योहार जून के बीच में आता है। पहले दिन को पहिली राजा, दूसरे दिन को मिथुन संक्रांति और तीसरे दिन को भुदाहा या बासी राजा कहा जाता है।

जानकारी के मुताबिक चौथे दिन को बसुमती स्नान कहते हैं, जिसमें महिलाएं धरती के प्रतीक के तौर पर सिल-बट्टे को हल्दी का लेप लगाकर नहलाती हैं और फूल, सिंदूर वगैरह से उसकी पूजा करती हैं। धरती माता को हर तरह के मौसमी फल चढ़ाए जाते हैं। पहले दिन से ठीक पहले वाले दिन को सजाबजा या तैयारी का दिन कहा जाता है। इस दिन घर और रसोई की सफाई की जाती है और तीन दिनों के लिए मसाले पीसे जाते हैं। इन तीन दिनों में महिलाएं और लड़कियां काम से आराम करती हैं और नई साड़ी व गहने पहनने के साथ ही आलता लगाती हैं। यह त्योहार अंबुवाची मेले जैसा ही है। ओडिशा के कई त्योहारों में सबसे मशहूर राजा तीन दिनों तक मनाया जाता है।

# विमेंस वर्ल्डकप में भारत ने पाकिस्तान को 64 रन से दी शिकस्त

## स्मृति मंधाना ने 44 गेंदों में 68 रन बनाए




बर्मिंघम (एजेंसी) : विमेंस वर्ल्डकप में भारत ने विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप में पाकिस्तान को 64 रन से हरा दिया। बर्मिंघम के एजबेस्टन स्टेडियम में खेले गए मैच में भारतीय टीम ने टॉस जीतकर बैटिंग चुनी और 20 ओवर में 6 विकेट पर 170 रन बनाए।

भारत की ओर से स्मृति मंधाना ने अर्धशतक लगाया। उन्होंने 44 गेंदों में 68 रन बनाए। 9 चौके और 2 छक्के भी लगाए। कप्तान हरमनप्रीत कौर ने 36 रन की पारी खेली। ऋचा घोष ने 17 बॉल पर 34 रन बनाए। पाकिस्तान की ओर से सादिया इकबाल और फातिमा सना ने 2-2 विकेट लिए। तस्मिया रुबाब और रामीन शमीम को 1-1 सफलता मिली।

171 रनों का पीछा करने उतरी पाकिस्तान टीम 17 ओवर में 106 रन पर ही सिमट गई। मुनीबा अली ने सबसे ज्यादा 41 रन बनाए। भारत से दीप्ति शर्मा ने 10 रन देकर 5 विकेट लिए। श्री चरणी को 3 और शेफाली वर्मा को एक विकेट मिला।

## संक्षिप्त खबरें

### वैलिडेशन एक्ट के विरोध में पेंशनरों की बैठक, सांसद को भेजेंगे मांग पत्र

ट्रूथ पथ प्रतिनिधि

दुमका : झारखंड राज्य पेंशनर समाज, प्रखंड शाखा सरैयाहाट की बैठक रविवार को हंसडीहा स्थित कौशल्या भवन में प्रखंड अध्यक्ष बाल किशोर कापरी की अध्यक्षता में आयोजित हुई।बैठक में भारत सरकार द्वारा मार्च 2025 में पारित वैलिडेशन एक्ट का विरोध करते हुए इसे पेंशनरों के हितों के खिलाफ बताया गया।

वक्ताओं ने कहा कि एक्ट के तहत पेंशनरों के बीच वर्गीकरण का प्रावधान अनुचित है तथा सभी पेंशन भोगियों को वेतन आयोग का लाभ मिलना चाहिए। बैठक में स्थानीय सांसद को मांग पत्र भेजकर पेंशनरों की चिंताओं से अवगत कराने का निर्णय लिया गया।साथ ही सभी पेंशनरों से 31 जुलाई 2026 तक आयकर रिटर्न दाखिल करने की अपील की गई।बैठक में हरिमोहन मंडल, जुन्नू सरकार, ताराचंद मंडल, वासुदेव मंडल, मुन्नी देवी, फिरोज अंसारी, मीना सिंह सहित कई पेंशनर उपस्थित थे।

### हनवारा में हल्की बारिश से सड़क बनी तालाब, स्कूली बच्चों को हो रही भारी परेशानी

ट्रूथ पथ प्रतिनिधि

गोड्डा : महागामा प्रखंड अंतर्गत हनवारा स्थित साप्ताहिक हाट से थाना जाने वाली मुख्य सड़क पर हल्की बारिश होते ही भारी जलजमाव की समस्या उत्पन्न हो गई है। सड़क पर पानी भर जाने से लोगों का आवागमन प्रभावित हो रहा है, वहीं स्कूली बच्चों को सबसे अधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

स्थानीय लोगों ने बताया कि केडी रेजिडेंशियल पब्लिक स्कूल के बच्चे प्रतिदिन इसी मार्ग से स्कूल आते-जाते हैं। सड़क पर जलभराव होने के कारण कई बच्चे फिसलकर गिर चुके हैं, जबकि कुछ को मामूली चोटें भी लगी हैं। इससे अभिभावकों में चिंता का माहौल है। उनका कहना है कि यदि हल्की बारिश में सड़क की यह स्थिति है तो मानसून के दौरान हालात और भी गंभीर हो सकते हैं।

ग्रामीणों के अनुसार सड़क पर जलजमाव की मुख्य वजह जलनिकासी की समुचित व्यवस्था का अभाव है। बारिश का पानी सड़क पर जमा होकर लंबे समय तक बना रहता है, जिससे राहगीरों को परेशानी होती है। जलभराव के कारण आसपास दुर्गंध भी फैल रही है और मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है। ग्रामीणों ने डेंगू, मलेरिया तथा टाइफाइड जैसी बीमारियों के फैलने की आशंका जताई है।स्थानीय लोगों का आरोप है कि इस समस्या को लेकर पूर्व में कई बार समाचार पत्रों में खबरें प्रकाशित हो चुकी हैं, लेकिन अब तक प्रशासन या जनप्रतिनिधियों की ओर से कोई स्थायी समाधान नहीं किया गया है। ग्रामीणों ने मंत्री दीपिका पांडे सिंह एवं जिला प्रशासन से जल निकासी की व्यवस्था कराने तथा सड़क को जलजमाव मुक्त बनाने की मांग की है, ताकि आम लोगों को राहत मिल सके।

### विश्व रक्तदाता दिवस पर टीएमएच नोआमुंडी में रक्तदान का आयोजन, लोगों ने बढ़-चढ़कर लिया हिस्सा

ट्रूथ पथ प्रतिनिधि

पश्चिमी सिंहभूम : विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर टाटा मेन हॉस्पिटल (टीएमएच), नोआमुंडी के ब्लड सेंटर में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर चिकित्सकों, अस्पताल कर्मचारियों, वेंडर पार्टनर्स एवं स्थानीय समुदाय के लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हुए स्वेच्छा से रक्तदान किया और मानवता की सेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता का परिचय दिया।शिविर के माध्यम से नियमित रक्तदान के महत्व तथा जरूरतमंद मरीजों के लिए सुरक्षित रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करने के प्रति लोगों को जागरूक किया गया। उपस्थित लोगों ने स्वैच्छिक रक्तदान को महान मानवीय सेवा बताते हुए अधिक से अधिक लोगों से नियमित रक्तदान करने की अपील की, ताकि आवश्यकता पड़ने पर प्रत्येक मरीज को समय पर सुरक्षित रक्त उपलब्ध कराया जा सके।शिविर के दौरान कई लोगों ने रक्तदान कर जरूरतमंद मरीजों के लिए अमूल्य योगदान दिया। इस अवसर पर वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. अर्नब कुमार मुखर्जी, डॉ. विजय रमेश टोपनो, डॉ. घनश्याम बिहारी, वरिष्ठ मैट्रन रेखा गोगोई चेतिया, काउंसलर किरण छेत्री, ब्लड सेंटर तकनीशियन सतीश खिल्ला भारती तथा सिस्टर गीता सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी भी उपस्थित रहे।रक्तदान महाकल्याणरक्तदान जीवनदान है, यह मानवता की सबसे बड़ी सेवा और समाज के प्रति सच्ची जिम्मेदारी का प्रतीक है।एक यूनिट रक्त किसी जरूरतमंद के जीवन में नई उम्मीद जगा सकता है, इसलिए नियमित रक्तदान कर मानव कल्याण के इस महाअभियान से जुड़ें।

### रोजो पर्व में ओड़िआ संस्कृति और परंपरा का दिखा अनोखा संगम

ट्रूथ पथ प्रतिनिधि

पश्चिमी सिंहभूम : गुवा एवं आसपास के क्षेत्रों में ओड़िआ समाज का पारंपरिक लोकपर्व रोजो पूरे उत्साह, श्रद्धा और सांस्कृतिक उल्लास के साथ मनाया गया। पर्व के पहले दिन अहले सुबह से ही मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। महिलाओं, युवतियों और बच्चों ने नए परिधान धारण कर पूजा-अर्चना की तथा घर-परिवार में सुख-समृद्धि की कामना की। पर्व के अवसर पर छोटी बच्चियां और कुंवारी कन्याएं हाथों में मेहंदी रचाकर पारंपरिक झूलों का आनंद लेती नजर आईं। गांवों और बस्तियों में जगह-जगह झूले लगाए गए, जहां युवतियों ने लोकगीत बनस्ते डाकिला गजो, बरषके थरे आसिछी रोजो गाकर पर्व की खुशियां साझा कीं। पूरे क्षेत्र में ओड़िआ संस्कृति और परंपरा की अनूठी छटा देखने को मिली। रोजो पर्व के दौरान घरों में चावल के आटे से बने विभिन्न पारंपरिक व्यंजन और पकवान तैयार किए गए। परिवार के सभी सदस्य एक साथ मिलकर इस लोकपर्व का आनंद लेते दिखे। यह चार दिनों तक चलने वाला उत्सव है, जिसमें पहले दिन पहिली रोजो, दूसरे दिन रोजो संक्रांति (मिथुन संक्रांति), तीसरे दिन बासी रोजो और चौथे दिन बसुमती स्नान के साथ पर्व का समापन होता है। लोकमान्यता के अनुसार, रोजो पर्व वर्षा ऋतु के आगमन का संदेश देता है और धरती माता तथा नारीत्व के सम्मान का प्रतीक माना जाता है। यही कारण है कि यह पर्व केवल धार्मिक आस्था ही नहीं, बल्कि ओड़िआ समाज की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और सामाजिक एकता का भी महत्वपूर्ण प्रतीक बनकर उभरता है।

### सालीगुटु में पुनर्वास योजना हेतु चयनित भूमि का डीसी,एसपी ने किया निरीक्षण

ट्रूथ पथ प्रतिनिधि

पश्चिमी सिंहभूम : पश्चिमी सिंहभूम जिला उपायुक्त मनीष कुमार एवं पुलिस अधीक्षक अमित रेणु ने संयुक्त रूप से खूंटपानी प्रखंड के सालीगुटु में पुनर्वास योजना हेतु चिन्हित 3.84 एकड़ भूमि का निरीक्षण एवं चिन्हितिकरण कार्य का अवलोकन किया। इस अवसर पर अधिकारियों ने पुनर्वास योजना के तहत प्रस्तावित कार्यों की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बताया गया कि झारखंड सरकार की पुनर्वास योजना के अंतर्गत ग्राम सभा का आयोजन कर चिन्हित भूमि पर आवास निर्माण की प्रक्रिया आगे बढ़ाई जाएगी। पुनर्वास योजना के सफल क्रियान्वयन के लिए सभी आवश्यक प्रक्रियाओं को निर्धारित समयसीमा के भीतर पूरा किया जाएगा, ताकि पात्र लाभुकों को योजना का लाभ शीघ्र उपलब्ध कराया जा सके।इस दौरान अनुमंडल पदाधिकारी (सदर), अंचलाधिकारी खूंटपानी सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# आपन सरस्वतिया अभियान की बढ़ी स्वीकार्यता: सीमाएं लांघकर गढ़वा पहुंच रहा जनसहयोग

ट्रूथ पथ प्रतिनिधि

गढ़वा : जनसहभागिता और प्रशासनिक तालमेल की अद्भुत मिसाल बन चुका आपन सरस्वतिया अभियान रविवार को अपने 21वें दिन भी पूरी रफ्तार से जारी रहा।मानसून के दस्तक देने से ठीक पहले नदी के पुनर्जीवन, चौड़ीकरण और डी-सिल्टिंग (गाद हटाना) के कार्य को और तेज कर दिया गया है। रविवार को नदी के विभिन्न हिस्सों में आधा दर्जन से अधिक मशीनों की मदद से व्यापक स्तर पर सफाई अभियान चलाया गया।इस अभियान की सबसे बड़ी खूबसूरती इसकी बढ़ती स्वीकार्यता है, जो अब गढ़वा जिले की भौगोलिक सीमाओं को लांघकर पड़ोसी जिलों तक पहुंच चुकी है।इस जनआंदोलन की व्यापक स्वीकार्यता का सबसे बड़ा उदाहरण पलामू जिला से ताल्लुक रखने वाले संत मरियम आवासीय विद्यालय (मेदिनीनगर) के चेयरमैन और समाजसेवी अविनाश देव हैं।जब गढ़वा में इस अभियान की शुरूआत हुई थी, तब इसके महत्व और व्यापकता को समझते हुए अविनाश देव ने अभियान मे अपनी सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित कर दी थी। पलामू के होने के बावजूद गढ़वा की जीवनदायिनी नदी को बचाने के लिए उनका आगे आना यह दशार्ता है कि पर्यावरण संरक्षण की इस मुहिम को पूरे पलामू प्रमंडल में कितनी भारी स्वीकार्यता मिल रही है।अभियान की बढ़ती लोकप्रियता और सफलता को देख राजनीतिक व सामाजिक गलियारों से भी इसे भरपूर समर्थन मिल रहा है।इसी कड़ी में झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय मीडिया पैनलिस्ट धीरज दुबे ने खुद कार्यस्थल पर पहुंचकर चल रहे कार्यों का जायजा लिया।नदी पुनर्जीवन के इस ऐतिहासिक कार्य से प्रभावित होकर उन्होंने कार्यस्थल से एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर साझा किया।धीरज दुबे ने वीडियो के जरिए इस अनूठे प्रशासनिक और जन सहयोग के मॉडल की जमकर सराहना की और इसे गढ़वा के भविष्य के लिए एक मील का पत्थर बताया।रविवार सुबह 9 बजे से ही नदी क्षेत्र में युद्धस्तर पर कार्य शुरू हुआ। अभियान में आधा दर्जन से अधिक जेसीबी और अन्य पोकलेन मशीनों को लगाया गया।वर्षों से गाद, झाड़ियों, सूखे पेड़ों और मानवीय अतिक्रमण के कारण अपना अस्तित्व खो चुकी सरस्वतिया नदी को मशीनों की मदद से पुनः पुराना स्वरूप दिया जा रहा है।नदी के तल की गहराई बढ़ाने के साथ-साथ जल प्रवाह को बाधित करने वाले अवरोधों को पूरी तरह हटा दिया गया है। एसडीएम संजय कुमार ने कहा कि मानसून आने के बाद नदी में जलभराव बढ़ जाएगा, जिससे डी-सिल्टिंग का काम प्रभावित हो सकता है।इसलिए हमारी कोशिश है कि बारिश से पहले अधिकतम काम पूरा कर लिया जाए। अगर जन सहयोग से 3-4 दिन और अतिरिक्त जेसीबी मिल जाएं, तो काम को अंतिम रूप दे दिया जाएगा।एसडीएम संजय कुमार ने अभियान में लगातार कंधे से कंधा मिलाकर सहयोग करने वाले गढ़वा और पलामू के प्रबुद्ध नागरिकों और समाजसेवियों के प्रति आभार व्यक्त किया, जिनमें मुख्य रूप से अविनाश देव (चेयरमैन, संत मरियम आवासीय विद्यालय, मेदिनीनगर, पलामू),राकेश पाल (समाजसेवी, गढ़वा),संतोष केसरी (अध्यक्ष, केसरवानी वैश्य सभा),राजेश गुप्ता (अध्यक्ष, व्यवसायी संघ)विकास माली (समाजसेवी)



गढ़वा शहर के साथ-साथ मेराल क्षेत्र में भी पिछले 15 दिनों से सरस्वतिया नदी की सफाई का काम बिना रुके चल रहा है। एसडीएम ने मेराल के अंचलाधिकारी, स्थानीय जनप्रतिनिधियों और पूरी टीम की सराहना करते हुए कहा कि वहां के लोगों का उत्साह अद्भुत है, जिसके सकारात्मक परिणाम अब धरातल पर दिखने लगे हैं।प्रशासन ने साफ कर दिया है कि एक तरफ जहां शहर को बचाने के लिए नदी साफ की जा रही है, वहीं कुछ लोग अब भी नदी में सीधे कचरा और अपशिष्ट फेंक रहे हैं। एसडीएम ने चेतावनी दी है कि ऐसे अराजक तत्वों को चिन्हित कर उनके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। नगर परिषद को इस संबंध में सख्त आदेश जारी किए जा रहे हैं।अभियान के दौरान जनता द्वारा यह शिकायत भी मिली कि कई मोहल्लों से नगर परिषद नियमित कचरा नहीं उठा रही है और खुद नगर परिषद के कर्मी भी नदी क्षेत्रों में कूड़ा फेंक रहे हैं। इस पर कड़ा रुख अपनाते हुए एसडीएम संजय कुमार ने कहा कि इन शिकायतों की जांच कराई जा रही है।यदि नगर परिषद की संलिप्तता या लापरवाही सामने आती है, तो जिम्मेदार अधिकारियों और कर्मियों के विरुद्ध सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।सरस्वतिया नदी को स्वच्छ बनाने के इस संकल्प में किसी भी स्तर पर कोताही बर्दाश्त नहीं होगी।

## आजसू को बूथ स्तर तक मजबूत करने का लक्ष्य, हर हाल में बीएलए-2 बनाएं कार्यकर्ता: सुदेश महतो

ट्रूथ पथ प्रतिनिधि

सरायकेला : सरयकेला खरसावां जिला के नगर भवन में आजसू का कोल्हान स्तरीय बैठक सह प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मुख्य रूप से पार्टी सुप्रीमो सुदेश महतो उपस्थित थे। उन्होंने कोल्हान के सभी 14 विस में बीएलएओ टू की नियुक्ति हर हाल में 20 जून तक करने की बात पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकताओं को दिया व पार्टी को बूथ स्तर तक मजबूत करने का आह्वान करते हुए कहा।उन्होंने कहा कि बीएलए टू मनोनयन के लिए संगठन के सभी पदाधिकारी सामूहक निर्णय लेकर एकजुट होकर कार्य करें।उन्होंने कहा संगठन की मजबूती ही भविष्य की राजनीतिक सफलता की कुंजी है।बीएलए-1 का गठन सभी विस में किया जा चुका है अब सभी बूथों का डाटा तैयार कर बीएलए-2 का गठन सुनिश्चित करना होगा।कहा कि बीएलए-2 का महत्व काफी बड़ा है और इसके गठन से पार्टी को लगभग छह हजार बूथ कार्यकताओं की मजबूत टीम मिलेगी।आज भी गांव-गांव में आजसू के कार्यकर्ता मौजूद हैं, इसलिए यह कार्य आसानी से पूरा किया जा सकता है।उन्होंने पार्टी के पदाधिकारियों को कहा कि पदाधिकारी केवल पद की शोभा बढ़ाने के लिए नहीं हैं, बल्कि उन्हें संगठन के लिए सक्रिय भूमिका निभानी होगी और संगठन को मजबूत करना है। कोल्हान में पार्टी को फिर से मजबूत आधार पर स्थापित करने की बात कहा।आजसू सुप्रीमो ने राज्य की झामुमो सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि पंचायत आपके द्वार कार्यक्रम अपने उद्देश्य से भटक गया है। अधिकारी जनता की समस्याओं का समाधान करने के बजाय पिकनिक मनाने गए और लोगों का काम नहीं हो पाया।कई आवेदन आज भी लंबित पड़ा है।उन्होंने कहा कि सरकार का एजेंडा जनता की सेवा नहीं, बल्कि केवल चुनाव जीतना रह गया है,इससे राज्य का भला नही होने वाला है।



सुदेश महतो ने कहा कि आगामी 5 जुलाई को महिलाओं का राज्य स्तरीय सम्मेलन आयोजित किया जाएगा और आजसू बीएलए-2 के गठन में महिलाओं की भागीदारी भी सुनिश्चित की जाएगी।उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव के दौरान बिजली बिल माफ करने की घोषणा की गई, लेकिन बाद में लोगों को बिजली बिल थमा दिया गया।यह जनता के साथ छल है।उन्होंने युवाओं के मुद्दे पर सरकार को घेरते हुए कहा कि सरकार ने 25 लाख रोजगार देने का वादा किया था,अब तक लोगो को रोजगार देने में सफल नही रही है।यदि युवाओं को रोजगार नहीं दे सकती तो सत्ता छोड़ दे। उन्होंने कहा कि पांच लाख युवा सरकार से जवाब मांगने के लिए जल्द सड़क पर उतरेंगे।

इस अवसर पर पार्टी के केंद्रीय उपाध्यक्ष प्रवीण प्रभाकर ने कहा कि आजसू का 40 वर्षों का गौरवशाली इतिहास रहा है और अलग झारखंड राज्य के गठन के आंदोलन में पार्टी की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।उन्होंने आरोप लगाया कि झामुमो झारखंड निर्माण का श्रेय लेने की कोशिश कर रहा है, जबकि राज्य गठन के लिए आजसू ने लंबा संघर्ष किया था और झारखंड राज्य आजसू की आंदोलन की देन है.कार्यक्रम को चन्द्रगुप्त सिंह,कार्यकारी जिला अध्यक्ष रामरतन महतो,डॉ दिनेश बोयपाई, ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन जिला उपाध्यक्ष दुर्गा महतो ने संबोधित किया।मौके पर पूर्व मंत्री रामचन्द्र सहिस, केंद्रीय नेता हरेलाल महतो, सत्यनारायण महतो के अलावे कई उपस्तित थे।

## बंद पत्थर खदान में डूबने से एक 19 वर्षीय युवक की मौत, परिवार में शोक की लहर

ट्रूथ पथ प्रतिनिधि

पाकुड़ : पाकुड़ नगर थाना क्षेत्र के सोना जोड़ी सदर अस्पताल के पीछे एक बंद पत्थर खदान में नहाने के दौरान डूबने से 19 वर्षीय एक युवक की मौत हो गई।मृतक की पहचान पाकुड़ प्रखंड सोनजोड़ी पंचायत के सोलागढ़िया नया टोला निवासी हारुन अंसारी के 19 वर्षीय पुत्र मोहम्मद इमरान अंसारी के रूप में हुई है।घटना की जानकारी मिलते ही खदान के पास आसपास के लोग काफी संख्या में इकट्ठे हो गए और युवक को निकालने की पहल की जाने लगी।काफी मशक्कत के बाद स्थानीय लोगों की मदद से जाल के सहारे युवक को निकाला गया। घटना को लेकर पूरे परिवार में शोक की लहर दौड़ पड़ी। मृतक के पिता हारुन अंसारी ने बताया कि 11 के करीब खदान में नहाने को लेकर गया था। उसके साथ नहाने गए अन्य बच्चों के द्वारा जानकारी मिली।जानकारी मिलते ही आसपास के लोगों के साथ खदान पहुंचा। वह इसकी सूचना नगर थाना पुलिस को भी दी गई नगर थाना की पुलिस पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से बच्चे को बाहर निकालने की पहल की गई।करीब 2 घंटे के कड़ी मशक्कत के बाद निकल गया।इसके बाद सोना जोड़ी सदर अस्पताल ले जाया गया लेकिन डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। बताया कि मृतक इमरान अंसारी अपने दो भाई-बहनों में सबसे बड़ा था और कुछ दिन पहले ही उसकी बहन की शादी हुई थी।वही मामले को लेकर नगर थाना प्रभारी अनिल कुमार गुप्ता ने बताया कि बंद पत्थर खदान में एक युवक की मौत नहाने के क्रम में हुई है।

## संगठन की मजबूती कार्यकताओं की सर्मपण व सक्रियता से ही संभव : शैलेंद्र सिंह

ट्रूथ पथ प्रतिनिधि

पश्चिमी सिंहभूम : भाजपा की बैठक रविवार को चक्रधरपुर वन विश्रामागार में जिलाध्यक्ष गुरूचरण नायक की अध्यक्षता में आयोजित हुई। इस बैठक में पार्टी के प्रदेश मंत्री सह जिला प्रभारी शैलेंद्र सिंह मुख्य रूप से उपस्थित थे।बैठक में नवनिर्वाचित जिला पदाधिकारी, प्रखंड अध्यक्षों के सम्मान व स्वागत किया गया। इस मौके पर प्रदेश मंत्री श्री सिंह ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का स्वागत व अभिनंदन करते हुए संगठन को मजबूत बनाने का आह्वान किया।उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती कार्यकताओं की सक्रियता, अनुशासन और समर्पण से ही संभव है। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों से जनता के बीच जाकर उनकी समस्याओं को उठाने तथा पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने की अपील की। पार्टी के वरिष्ठ नेता डॉ विजय सिंह गागराई ने कहा कि संगठन के विस्तार और मजबूती में सभी पदाधिकारियों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है।

## लातेहार उपायुक्त ने किया दीदी कैटींन का औचक निरीक्षण

ट्रूथ पथ प्रतिनिधि

लातेहार : उपायुक्त संदीप कुमार ने समाहरणालय परिसर स्थित दीदी कैंटीन का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कैंटीन में उपलब्ध खाद्य सामग्री की गुणवत्ता, साफ-सफाई की व्यवस्था, भोजन निर्माण की प्रक्रिया तथा कर्मचारियों द्वारा अपनाए जा रहे स्वच्छता मानकों का जायजा लिया।निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने कैंटीन में तैयार किए जा रहे भोजन एवं नाश्ते की गुणवत्ता की जांच की तथा उपस्थित कर्मियों से खाद्य सामग्री के भंडारण एवं उपयोग संबंधी जानकारी प्राप्त की।निरीक्षण के बाद उन्होंने निर्देश दिया कि कैंटीन में आने वाले सभी आगंतुकों एवं कर्मियों को गुणवत्तापूर्ण एवं स्वच्छ भोजन उपलब्ध कराया जाए। उपायुक्त ने कैंटीन परिसर में साफ-सफाई की व्यवस्था को और बेहतर बनाए रखने, खाद्य पदार्थों को निर्धारित मानकों के अनुरूप सुरक्षित रखने तथा नियमित रूप से स्वच्छता का विशेष ध्यान रखने का निर्देश दिया।उन्होंने कहा कि भोजन की गुणवत्ता एवं स्वच्छता से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा।मौके पर उप विकास आयुक्त सैय्यद रियाज अहमद, उप निर्वाचन पदाधिकारी मेरी मड़की, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ चंदन, कार्यपालक दंडाधिकारी अजय कच्छप समेत कई पदाधिकारी उपस्थित थे।

## नोवामुंडी ओवरब्रिज के डेंजर मोड़ पर मंडरा रहा हादसे का खतरा, सड़क पर बिखरी गिट्टी और बीच सड़क बैठे पशु बने जानलेवा

ट्रूथ पथ प्रतिनिधि

पश्चिमी सिंहभूम : नोवामुंडी ओवरब्रिज के डेंजर मोड़ पर बड़ी दुर्घटना की आशंका लगातार बढ़ती जा रही है। शनिवार देर रात ओवरलोड गिट्टी लदे हाईवा से बड़ी मात्रा में छोटे-छोटे गिट्टी के टुकड़े सड़क पर बिखर गए, जो अब भी मोड़ पर पड़े हुए हैं। इससे खासकर दोपहिया वाहन चालकों के फिसलने और अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त होने का खतरा बढ़ गया है। स्थिति को और गंभीर बना रहे हैं सड़क के बीचो-बीच बैठे आवारा पशु, जो किसी भी समय बड़े हादसे का कारण बन सकते हैं।सोमवार से कई स्कूल खुलने वाले हैं।

## 12 साल बेमिसाल विषय पर भाजपा रामगढ़ ने की प्रेस वार्ता, विधायक राज सिंहा ने किया संबोधित

ट्रूथ पथ प्रतिनिधि

रामगढ़ : भारतीय जनता पार्टी रामगढ़ जिला द्वारा रविवार को होटल शिवम इन में 12 साल बेमिसाल विषय पर प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया।प्रेस वार्ता को मुख्य वक्ता एवं धनबाद के विधायक राज सिन्हा ने संबोधित किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र की एनडीए सरकार ने पिछले 12 वर्षों में सुशासन, विकास, गरीब कल्याण, राष्ट्रीय सुरक्षा व भारत की वैश्विक प्रतिष्ठा को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी लगातार 4399 दिनों से अधिक समय तक देश के निर्वाचित प्रधानमंत्री के रूप में सेवा देकर एक ऐतिहासिक कीर्तिमान स्थापित कर चुके हैं। राज सिन्हा ने कहा कि मोदी सरकार ने गरीब कल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के माध्यम से करोड़ों लोगों को निःशुल्क राशन उपलब्ध कराया है। आयुष्मान भारत योजना के तहत गरीब परिवारों को पांच लाख रुपये तक की स्वास्थ्य सुरक्षा प्रदान की गई है।वहीं उज्ज्वला योजना, मुद्रा योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ और नारी शक्ति वंदन अधिनियम जैसे कदमों से महिलाओं को सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाने का कार्य किया गया है।उन्होंने कहा कि बीते 12 वर्षों में भारत ने आधारभूत संरचना, डिजिटल तकनीक, रेलवे, सड़क, हवाई संपर्क व संचार के क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति की है।आज भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत की वैश्विक प्रतिष्ठा लगातार बढ़ी है। जी-20 शिखर सम्मेलन के सफल आयोजन, अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की वैश्विक मान्यता तथा विश्व मंच पर भारत की मजबूत उपस्थिति इसका प्रमाण है।उन्होंने कहा कि विकसित भारत-2047 का संकल्प केवल एक लक्ष्य नहीं, बल्कि 140 करोड़ देशवासियों का सामूहिक संकल्प है, जिसे मोदी सरकार जनभागीदारी के माध्यम से साकार करने के लिए प्रतिबद्ध है।प्रेस वार्ता में जिला महामंत्री जगेश्वर प्रजापति, जिला मंत्री शिव कुमार महतो, डॉ संजय प्रसाद सिंह, रणंजय कुमार उर्फ कूंटू बाबू, जिला मीडिया प्रभारी राजीव पामदत्त, भीमसेन चौहान, मनोज गिरि, ब्रजेश पाठक, सत्यजीत सिंह, जगदीश शर्मा सहित भाजपा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।




ट्रूथ पथ के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक कुमार भारती के द्वारा डी.बी. कॉर्प लिमिटेड, भास्कर प्रीटिंग प्रेस गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर के.जी. आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रिक एवं नियर भाटिया शिव मंदिर, गांधी नगर धनबाद से प्रकाशित फोन नं. 7004605076, 9852421580
संपादकः- रवि रंजन * इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं सम्पादन हेतु पी आर बी एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उतरदायी। ई. मेलः-truthpath941@gmail.com आर. एन. आई.नंबर .-JHAHIN/2023/90593

## संक्षिप्त खबरें

## पोषण सखियों को सम्मानजनक वेतन नहीं तो होगा आंदोलन: डिंपल चौबे



ट्रूथ पथ प्रतिनिधि

धनबादः झारखंड राज्य एकीकृत पोषण सखी संघ की बैठक गोल्फ ग्राउंड में हुई। बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश अध्यक्ष अंजनी कुमारी प्रदेश महासचिव पार्वती सोरेन धनबाद जिला अध्यक्ष सह प्रदेश सलाहकार डिंपल चौबे समेत सैकड़ो की संख्या में पोषण सखियों ने भाग लिया। जिला अध्यक्ष डिंपल चौबे ने कहा इस बढ़ती महंगाई में पोषण सखियों को विगत 10 वर्षों से अल्प मानदेय केवल तीन हजार मासिक में कार्य लिया जा रहा है। आज तक एक पैसे की बढ़ोतरी भी नहीं हुई है। झारखंड समृद्ध राज्य होने के बावजूद भी झारखंडियों के साथ सौतेला व्यवहार किया जा रहा है । प्रदेश अध्यक्ष अंजनी कुमारी ने कहा पोषण सखियों की पुन बहाली करके वर्तमान गठबंधन की सरकार धन्यवाद की पात्र है। पोषण सखियों की बहाली उच्च योग्यता के आधार पर हुई थी। पूर्व में भी विधानसभा सत्र में ड्रेस कोड और बीमा पर सहमति बनी थी, लेकिन इसे अब तक लागू नहीं किया गया। प्रदेश महासचिव पार्वती सोरेन ने कहा एक तरफ सरकार कहती है बेटी बचाओ और बेटी पढ़ाओ वहीं दूसरी और झारखंड की बेटियों का शोषण किया जा रहा है ना हमें अब तक ईपीएफ का लाभ मिला है और ना जीवन बीमा का। कितनी पोषण सखी बहने समुचित इलाज न करने की स्थिति में काल के गाल समा चुकी हैं। इतने अल्प वेतन में घर परिवार चलाने में भी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है अगर वर्तमान सरकार पोषण सखियों की मानदेय में बढ़ोतरी नहीं करती है तो निश्चित रूप से पोषण सखी उग्र आंदोलन करने को बाध्य होंगे '

## एसआईआर के लिए लगा शिविर



ट्रूथ पथ प्रतिनिधि

धनबादःरविवार को धनबाद प्रखंड के समशिखरा पंचायत सचिवालय में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मतदाता सूची के पुनरीक्षण, संशोधन एवं अद्यतन से संबंधित कार्यों का निष्पादन किया गया। शिविर का औचक निरीक्षण बीडीओ सह अंचल अधिकारी विकास आनंद ने किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने उपस्थित बीएलओ को निर्देश दिया कि विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य शत-प्रतिशत पूरा किया जाए तथा निर्धारित समय-सीमा के भीतर सभी लंबित कार्यों का निष्पादन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची को त्रुटिरहित, पारदर्शी एवं अद्यतन बनाना निर्वाचन प्रक्रिया की प्राथमिकता है। इसके लिए प्रत्येक पात्र मतदाता का नाम सूची में शामिल करने तथा त्रुटियों को समय रहते सुधारने पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। निरीक्षण के दौरान बीडीओ ने शिविर में किए जा रहे कार्यों की प्रगति की जानकारी ली और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। इस अवसर पर प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी मधुसूदन पासवान, बीएलओ सुपरवाइजर अनीता कुमारी, पंचायत मुखिया चक्रधर महतो, बीएलओ चंदना देवी, पुष्पा देवी, शिखा दत्ता, रीना देवी, मीना देवी, अनीता देवी सहित अन्य कर्मी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

## विश्व रक्तदाता दिवस पर नेताजी स्पोर्टिंग ने आयोजित किया महारक्तदान शिविर




ट्रूथ पथ प्रतिनिधि

धनबादः रविवार को विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर नेताजी स्पोर्टिंग क्लब, रेंगुनी भूली की और से एसजेएएस सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के सौजन्य से महारक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस रक्तदान शिविर का उदघाटन एसजेएएस हॉस्पिटल के निर्देशक शिवेन्द्र सिंह ने किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में कांग्रेस के बाघमारा प्रभारी अबोध नारायण प्रसाद भी उपस्थित थे । उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि आज इस महान काम में हमें भागीदारी मिली जिससे हम अपने आप को धन्य महसूस कर रहे हैं। साथ ही साथ नेताजी क्लब भूली के सभी कार्यकर्त्ता के प्रति आभार प्रकट करते हैं। उन्होंने इस पुनीत काम में सेवा करने का मौका दिया। इस महा रक्तदान शिविर में 35 से अधिक रक्तदाताओं ने रक्तदान किया।सभी रक्तदाताओं को नेताजी स्पोर्टिंग क्लब रेंगुनी भूली की ओर से आभार प्रकट किया गया एवं संगठन की ओर से उनके इस सहभागिता के लिए धन्यवाद दिए। कार्यक्रम में धनबाद के कुछ विशेष संगठन के कार्यकर्ता को सम्मानित किया गया। जिसमे मुख्य रूप से झारखण्ड बांग्ला भाषा उन्नयन समिति की और से भवानी बन्दोंपाध्यय, नव संकल्प मंच की ओर से पंकज कुमार सिंह, मानस रंजन पॉल, मनमोहन सिंह, मानवाधिकार प्रोटेक्शन झारखण्ड की ओर से सुदिस्ट कुमार एवं संगीत सिंह, भूली ब्लड डोनर ग्रुप की ओर से रवि सिंह, शकुंतला देवी एजुकेशन सोसाइटी से नीरज शर्मा शामिल हैं। एसजेएएस हॉस्पिटल तथा नेताजी स्पोर्टिंग की ओर से सम्मानित किया गया। हॉस्पिटल की ओर से भविष्य में इस तरह का रक्तदान शिविर कराने का भरोसा दिया गया। हॉस्पिटल की ओर से प्रशासक सत्यम सहानी आशुतोष, सुदीप पांडेय, मंजीत, दुर्गा, विश्वजीत, ओम पांडेय एवं सनाउल, अनिल, रुक्सार उपस्थित थे।

## ग्रामीणों को किया जागरूक

ट्रूथ पथ प्रतिनिधि

धनबादः सूचना एवं जनसंपर्क विभाग धनबाद के सौजन्य से बौआ कला उत्तर पंचायत के बड़की बौआ महतो टोला में शिव मंदिर के समीप नशा मुक्त धनबाद अभियान के तहत कार्यक्रम कर ग्रामीणों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं पौधा वितरण कर हुआ। कलाकारों ने नुक्कड़ नाटक और गीत संगीत के माध्यम से नशा के दुष्प्रभाव के बारे में बताया। वहीं, ग्रामीणों को झारखंड सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी गई। मौके पर मुखिया भीम लाल रजक, कलाकर मुकेश कुमार, रौश्तम कुमार, मंजू देवी, ब्यूटी कुमारी, देवेंद्र कुमार, कृष्ण मोहन, रजनीश कुमार एवं अन्य ग्रामीण मौजूद रहें।

# पुत्र ने ही की थी हलीम शेख की हत्या



ट्रूथ पथ प्रतिनिधि

धनबादः महुदा थाना क्षेत्र के भुरूंगिया बस्ती निवासी हलीम शेख की हत्या उसके दूसरे पुत्र मोहम्मद इश्तियाक ने ही अपने दो अन्य साथियों के साथ मिल कर की थी। घटना शनिवार दोपहर की है। रविवार को बाघमारा डीएसपी अजीत कुमार विमल ने महुदा थाना में प्रेस वार्ता कर घटना की जानकारी दी। घटना के कारणों का जिक्र करते हुए उन्होंने बताया कि जमीन बंटवारे को लेकर उसके मंझले पुत्र मोहम्मद इश्तियाक के साथ विवाद चल रहा था। उसके पुत्र ने ही अपने पिता की हत्या की साजिश रची। साजिश में उसने अपने गांव के ही एक मित्र को शामिल किया। उसके मित्र ने अपने एक मित्र शेख शाहबाज को घटना को अंजाम देने के लिए तैयार किया। शेख शाहबाज ने शेख हलीम को फोन कर बक्सा बनाने का बहाना बनाकर अपने साथ ले गया। कुलटांड़ के जंगल में एक सुनसान स्थान पर तीनों ने मिलकर हलीम शेख का गला रेत पर हत्या कर दी तथा शव को वही झाड़ी में छोड़कर भाग निकले। उन लोगों ने लगभग 12 से 12.15 के बीच में घटना को अंजाम दिया। लगभग 3:30 बजे कुलटांड़ के कुछ लोगों की नजर झाड़ियां में पड़े शव पर पड़ी। तो उन लोगों ने महुदा थाना को सूचना दिया। सूचना पाकर महुदा थाना प्रभारी पवन चंद्र पाठक पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे तथा शव को पंचनामा कर महुदा थाना ले आए। मृतक की पेंट के पॉकेट से उसका मोबाइल तथा आधार कार्ड पुलिस को मिला। घटना को लेकर धनबाद एसएसपी ने एक एसआईटी का गठन किया। जिसमें बाघमारा ड-ीएसपी अजित कुमार विमल, कतरास पुलिस निरिक्षक मो.रुस्तम, महुदा पुलिस निरिक्षक रंजीत कुमार, महुदा थाना प्रभारी पवन चंद्र पाठक, भाटडीह ओपी प्रभारी अनुप कुमार सिंह, मधुबन प्रभारी शुभम कुमार, धमाबांध प्रभारी धीरज कुमार, सोनारडीह प्रभारी दिलीप पाल, कपुरिया प्रभारी अमृता खलको, महुदा थाना के एसआई कमलेश कुमार, अब्दुल कलाम अंसारी, एएसआई बिनोद कुमार सिंह, बाबुराम मुर्मु, राजेंद्र उरांव आदि का एक टीम बनाकर अनुसंधान शुरू किया। अनुसंधान में एक आरोपी माथाटांड़ निवासी शेख शाहबाज को गिरफ्तार करने में सफलता पाई। तथा उसका मोटरसाइकिल भी बरामद कर लिया गया है। शेष दो आरोपी की गिरफ्तारी के लिए छापामारी की जा रही है। जल्द ही दोनों आरोपी पुलिस की गिरफ्त में होंगे। उन्होंने टीम के सदस्यों को बधाई देते हुए कहा कि टीम ने मेहनत कर 12 घंटे में ही कांड का उद्वेदन कर दिया है। उन्होंने कहा कि घटना बहुत हृदय विदारक है, ऐसी घटना समाज में नहीं होनी चाहिए। उन्होंने लोगों से अपील किया कि छोटी-मोटी बात को लेकर अपने माता-पिता के साथ अपने रिश्ते नहीं बिगाड़े। बल्कि उन्हें जो सम्मान मिलना चाहिए उसे देने का प्रयास करें। डीएसपी श्री विमल ने कहा कि पुलिस हर मामले का अनुसंधान कर उद्वेदन करने का प्रयास करेगी। स्मरण रहे की शनिवार को शेख हलीम का गला रेता हुआ शव कुलटाड़ के जंगल में पुलिस ने बरामद करने के पश्चात ही अनुसंधान प्रारंभ कर दिया था।

# बच्चों एवं महिलाओं ने दिखाया जेस्ट फैशन शो में जलवा



ट्रूथ पथ प्रतिनिधि

धनबादः जेस्ट फैशन शो की शुरूआत रविवार को हुई। 80 बच्चे 55 युवती व 125 महिलाओं ने कैटवॉक किया। सभी बेहतरीन डिजाइनर परिधान, दमदार थीम आधारित कपड़े थे। भव्य मंच, चकाचौंध करने वाली रोशनी (लाइटिंग) और धमाकेदार संगीत के साथ बलियापुर रोड स्थित क्लार्कस इन होटल के सभागार में कार्यक्रम हुआ। आयोजन का संचालन काजल झा, मनीषा सिंह, अंजना, पूजा, अनीशा एवं धर्मजीत चौधरी ने किया। कार्यक्रम में धनबाद की प्रसिद्ध व्यक्तित्व पुष्पा सिंह निर्णायक की भूमिका में रही । कार्यक्रम के मेकअप पार्टनर के रूप में लेकमे की रुजी एवं उनकी टीम ने सहयोग किया। पुष्पा सिंह मिसेस झारखण्ड 2024-25, एआइआइएएइएफ की ग्लोबल ब्रांड एम्बेसेडर और द ग्रेट पोडियम की पीआर ब्रांड एम्बेसेडर तथा एक अनुभवी पेजन्ट ग्रूमर एवं कोच ने आयोजन को सफल बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। काजल झा ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं एवं बच्चों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के लिए एक सशक्त मंच प्रदान था , जिससे वे आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ सकें और अपने सपनों को नई उ-ड़ान दे सकें इसमें जेस्ट फैशन शो की पूरी टीम सफल रही। पहली बार फैशन शो में भाग ले रही धनबाद एवं झारखंड के अन्य जिलों की महिलाओं और बच्चों का कॉन्फिडेंस लेवल बढ़ा। प्रतियोगिता में 4 से 12 वर्ष तक के बच्चे और 18 वर्ष से अधिक आयु की महिलाएँ की दो श्रेणियां थी। जेस्ट फैशन शो का उद्देश्य समाज के हर वर्ग की महिलाओं एवं बच्चों को अवसर प्रदान कर उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना था।

## धनबाद में 1200 से अधिक वाहन को किया गया ब्लैकलिस्ट




ट्रूथ पथ प्रतिनिधि

धनबादः सड़क सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए धनबाद परिवहन विभाग ने फिटनेस प्रमाणपत्र समाप्त होने के बावजूद संचालित हो रहे वाहनों के खिलाफ बड़ी का-र्रवाई की है। विभाग ने ऐसे 1200 से अधिक वाहनों को ब्लैकलिस्ट कर दिया है, जिनके मालिकों ने निर्धारित समय सीमा के भीतर आवश्यक प्रक्रिया पूरी नहीं की।जानकारी के अनुसार, परिवहन विभाग ने पहले संबंधित वाहन मालिकों को नोटिस जारी कर सात दिनों के भीतर जिला परिवहन कार्यालय में ऑनलाइन स्लॉट बुक कर वाहन का निरीक्षण कराने और फिटनेस संबंधी प्रक्रिया पूरी करने का निर्देश दिया था।विभागीय अधिकारियों ने बताया कि नोटिस जारी होने के बाद भी अधिकांश वाहन मालिकों ने नियमों का पालन नहीं किया। केवल लगभग 300 वाहन मालिकों ने ही बकाया टैक्स जमा कर आवश्यक प्रक्रिया पूरी की।इस-के बाद विभाग ने सख्त कदम उठाते हुए पहले चरण में 1200 से अधिक वाहनों को ब्लैकलिस्ट कर दिया। अब इन वाहनों के मालिक तब तक परिवहन विभाग की ऑनलाइन सेवाओं का लाभ नहीं उठा सकेंगे, जब तक वे बकाया टैक्स जमा कर फिटनेस प्रमाणपत्र से जुड़ी सभी औपचारिकताएं पूरी नहीं कर लेते।परिवहन विभाग का कहना है कि बिना फिटनेस वाले वाहन सड़क सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा बन सकते हैं। इसलिए नियमों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। विभाग ने वाहन मालिकों से अपील की है कि वे समय पर फिटनेस प्रमाणपत्र का नवीनीकरण कराएं और सभी आवश्यक दस्तावेज अद्यतन रखें, ताकि भविष्य में किसी प्रकार की प्रशासनिक कार्रवाई से बच सकें।

## आयुष फाउंडेशन और शिल्पराज फाइन आर्ट्स की कार्यशाला का समापन



ट्रूथ पथ प्रतिनिधि

धनबादः आयुष फाउंडेशन धनबाद और शिल्पराज अकादमी के द्वारा दो दिवसीय क्राफ्ट और वाटर कलर की कार्यशाला बलियापुर स्थित लिटिल बटरफ्लाई प्री स्कूल में आयोजित की गई। शनिवार को बच्चों को पेपर से मछली ,आइसक्रीम स्टिक से फोटो फ्रेम और कोरगेटेड पेपर से थ्री डी क्राफ्ट सिखाया गया । रविवार को वाटर कलर की विस्तृत जानकारी देते हुए वाटर कलर की बारीकियां सिखाया गया ।क्राफ्ट गणेश सर और अनुष्का द्वारा और वाटर कलर राजीव द्वारा कराया गया। 25 बच्चों ने कार्यशाला में भाग लिया । कार्यशाला में धनबाद के दूर दराज से बच्चे आये । क्राफ्ट और वाटर कलर सीख बच्चों बहुत ही उत्साहित थे। अभिभावकों ने इस तरह के कार्यक्रम आयोजित करने का आग्रह किया। सचिव अर्पिता अग्रवाल सह स्कूल की प्रिंसिपल निरुपमा नायक ,सिमरन, प्रीतम आदि ने अपना सहयोग दिया।

# बीसीसीएल के शीर्ष अधिकारियों के सांठगांठ से कोयला चोरी चरम पर : ढुल्लू महतो



ट्रूथ पथ प्रतिनिधि

धनबादः झरिया विधानसभा क्षेत्र के भाजपा बस्ताकोला मंडल के द्वारा ऐना कोलियरी स्थित हनुमानजी के मंदिर के पास रविवार को सांसद ढुल्लू महतो का नागरिक अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया। मंडल अध्यक्ष संतोष कुमार रवानी ने कार्यक्रम का नेतृत्व किया। पार्टी कार्यकताओं ने सांसद का जोरदार स्वागत किया।इस दौरान मौजूद लोगों ने पेयजल और बिजली की समस्या तथा आउटसोर्सिंग की मनमानी को लेकर आक्रोशित दिखे।बारी बारी से मौजूद लोगों ने सांसद ढुल्लू महतो से संवाद की।मौके पर एक भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिला मीडिया प्रभारी कौशल सहित दर्जनों लोगो ने मांग पत्र सौपा।मांग पत्र के माध्यम से बताया गया कि क्षेत्र संख्या 6 के महाप्रबंधक को भेजे जा रहे मांग पत्र में भाजपा ओबीसी मोर्चा के कौशल ने स्थानीय निवासियों की बिजली, पानी, स्वास्थ्य, नाली जैसी मूलभूत समस्याओं पर अब तक कोई पहल नहीं होने पर रोष जताया। सांसद ने चेतावनी देते हुए कहा कि माफिया और असामाजिक तत्व चाहते हैं कि मूलभूत सुविधाओं के अभाव में लोग पलायन करें, लेकिन ऐसा नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि बीसीसीएल के महाप्रबंधक और प्रबंधन को हर हाल में जल-बिजली उपलब्ध करानी होगी तथा उड़ते प्रदूषण पर नियंत्रण करना होगा। बीसीसीएल के संचालन में बरती जा रही लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। आउटसोर्सिंग कंपनियों की लापरवाही की शिकायत केंद्र, राज्य और जिला प्रशासन को लिखित में दी जाएगी।सांसद ढुल्लू महतो ने गरीबों और श्रमिकों के शोषण, अन्याय और अत्याचार के लिए आउटसोर्सिंग को जिम्मेदार ठहराया। आरोप लगाया कि जबरन घर खाली कराए जा रहे हैं तथा आवाज उठाने वालों पर झूठे मुकदमे, जेल, गोलीबारी और हत्या तक की साजिश रची जाती है।पत्र-ाकारों के सवाल पर सांसद ने कहा कि बीसीसीएल के वरिष्ठ अधिकारियों की सांठगांठ से कोयला चोरी चरम पर है। प्रतिदिन सैकड़ों वाहन कोयला लेकर निकल रहे हैं, तथा चोरी के लिए विशेष मार्ग बनाए गए हैं। बीसीसीएल अधिकारियों और केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल की निष्क्रियता मिलीभगत को दशार्ती है। सांसद ने कहा कि ह्लसबका साथ, सबका विकासह्व के संकल्प के साथ जल्द जर्ला बजली की व्यवस्था कराई जाएगी।

# एफसीआईएल की नीतियों का हर मंच पर विरोध, कानूनी लड़ाई भी लड़ेंगे : सिंदरी नागरिक



ट्रूथ पथ प्रतिनिधि

धनबादः एफसीआईएल प्रबंधन की नई आवास नीति एवं बेदखली आदेश के विरोध में रविवार को साईं मंदिर परिसर में सिंदरी के नागरिकों, सामाजिक संगठनों, राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों और स्थानीय निवासियों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। बैठक में वार्ड 53, 54 और 55 के बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि सिंदरी की पहचान और अस्तित्व बचाने के लिए एफसीआ-ईएल प्रबंधन के खिलाफ जन आंदोलन और कानूनी लड़ाई लड़ी जाएगी। वक्ताओं ने कहा की सिंदरीवासियों को बेघर करने की किसी भी कोशिश का हर स्तर पर विरोध किया जाएगा।साईं संस्थान के संरक्षक रविंद्र कुमार सिंह ने दलगत राजनीति से ऊपर उठकर सिंदरी की अस्मिता की रक्षा के लिए एकजुट होने का आह्वान किया। भाजपा के पूर्व ग्रामीण जिला महामंत्री मनोज मिश्रा ने जन आंदोलन को आक्रामक तेवर के साथ सामुहिक प्रयास पर बल दिया। जबकि जन अधिकार मंच के रंजीत कुमार सिंह ने जन आंदोलन, कानूनी लड़ाई और जनप्रतिनिधियों के सहयोग के माध्यम से तीन मोर्चों पर संघर्ष करने का प्रस्ताव रखा, जिसका उपस्थित लोगों ने समर्थन किया। भाजपा नेता धर्मजीत सिंह ने सिंदरी के लोगों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर संघर्ष करने का संकल्प लिया। वहीं पार्षद गणेश महतो ने आंदोलन को व्यापक जनभागीदारी के साथ आगे बढ़ाने की बात क-ही। बैठक में कौशल सिंह, हरिलाल यादव, अधिवक्ता अशोक शर्मा, दिलीप मिश्रा, अरबिंद पाठक, विदेशी सिंह, गार्गी सिंह, संजू महतो समेत कई लोगों ने अपने विचार रखे और आंदोलन को मजबूत बनाने पर जोर दिया। बैठक का संचालन वरिष्ठ पत्रकार मनोज मिश्र ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन विजय सिंह ने दिया। अगली बैठक 22 जून को शहरपुरा शिव मंदिर परिसर में आयोजित करने का निर्णय लिया गया, जहां आगे की आंदोलन की रणनीति तय की जाएगी।

## बस्ताकोला मुस्कान महिला समिति ने कुइयां बस्ती में किया मच्छरदानी व छाता का वितरण

ट्रूथ पथ प्रतिनिधि

धनबादः दीक्षा महिला मंडल की अध्यक्षा अर्चना अग्रवाल के निर्देश पर रविवार को मुस्कान महिला समिति बस्ताकोला क्षेत्र की ओर से आगामी मानसून को ध्यान में रखते हुए,कुइयां बस्ती (बीजीआर व्यूह प्वाइंट) में जरूरतमंद लोगों एवं श्रमिकों के बीच 25 मच्छरदानी, 25 छाता वितरण के साथ जलपान कराया गया।मौके पर समिति की अध्यक्षा अंजूलिका गायकवाड़ ,भास्वती कुंडू, नीलम सिंह, सुमन सिंह, विजेता सिंह, प्रीति सिंह, हीरा कुमार, बबीता पांडेय, श्वेता गुप्ता मौजूद थे।

## भूली के पांडरपाला में शौहर ने ब्लेड से बेगम की रेत दी गर्दन

ट्रूथ पथ प्रतिनिधि

धनबादः पांडरपाला के बदरू मैदान में बने एक मैरेज हॉल में रविवार को शौहर- बेगम के बीच हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। गुस्से में शौहर ने अपनी बेगम की गर्दन पर ब्लेड से हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से घायल महिला को इलाज के लिए एसएनएमएमसीएच में भर्ती कराया गया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। जानकारी के अनुसार, झरिया के चौथाई कुल्ली निवासी शाहबाज उर्फ खैरुल अंसारी और उसकी बेगम मेंहदी खातून मैरेज हॉल में खाना बनाने का काम करते हैं।रविवार को दोनों के बीच किसी बात को लेकर तकरार हो गया। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि शाहबाज ने गुस्से में आकर ब्लेड से बेगम की गर्दन पर वार कर दिया।हमले में महिला गंभीर रूप से घायल हो गई और उसकी गर्दन से काफी खून बहने लगा। महिला की चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और उसे लहूलुहान हालत में देखा।

हिंदी दैनिक समाचार
ट्रूथ पथ



धनबाद, सोमवार 15 जून 2026
E-Mail:-truthpath941@gmail.com



## संक्षिप्त खबरें

### मयूराक्षी नदी के तट पर फेंके मिले टीएमसी के झंडे, टोपी और वोटर कार्ड,इलाके में बढ़ी सरगर्मी

ट्रूथ पथ प्रतिनिधि

दुमका : मसलिया प्रखंड के मकरमपुर (मधुबन) सेल्फी ब्रिज के बगल में बहने वाली मयूराक्षी नदी अंदर और किनारे में रविवार को भारी मात्रा में तृणमूल कांग्रेस पार्टी के झंडे, टोपियां, और कई वोटर कार्ड लावारिस हालत में फेंके हुए मिले। इसके अलावा पार्टी की अन्य प्रचार सामग्रियां और कुछ जरूरी दस्तावेज भी नदी के तट पर बिखरे पाए गए।सुबह जब स्थानीय लोग नदी किनारे पहुंचे, तो उनकी नजर इन सामग्रियों पर पड़ी। देखते ही देखते मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई।नदी किनारे चुनावी सामग्री और खासकर कई नागरिकों के असली वोटर कार्ड इस तरह फेंके जाने को लेकर इलाके के लोगों में तरह-तरह की चचाएं शुरू हो गई हैं।स्थानीय ग्रामीणों ने इस पर गहरी चिंता और नाराजगी जताई है।इलाके के प्रबुद्ध नागरिकों और ग्रामीणों का कहना है कि किसी भी राजनीतिक दल की प्रचार सामग्री और लोगों के महत्वपूर्ण वोटर कार्ड का इस तरह खुले में फेंका जाना बेहद गंभीर मामला है। लोगों के मन में यह सवाल उठ रहा है कि क्या यह किसी सोची-समझी साजिश के तहत किया गया है या फिर चुनाव से जुड़े किसी व्यक्ति की बड़ी लापरवाही का नतीजा है।नदी के बहाव क्षेत्र के इतने करीब दस्तावेज फेंके जाने से उनके नष्ट होने का भी खतरा बना हुआ था।घटना की जानकारी मिलने के बाद क्षेत्र में राजनीतिक और प्रशासनिक हलचल तेज हो गई है।स्थानीय लोगों ने मांग की है कि प्रशासन को तुरंत इस मामले का संज्ञान लेना चाहिए।फेंके गए वोटर कार्ड किन लोगों के हैं और इन्हें यहाँ किसने और किस उद्देश्य से फेंका, इसकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए ताकि सच सामने आ सके।कई लोगों का मानना है कि बंगाल में टीएमसी की करारी हार के बाद उन्ही के पार्टी कार्यकर्ता ने फेका होगा क्योंकि बंगाल के ज्यादातार लोग सेल्फी ब्रिज और मसानजोर डेम घूमने के लिए अक्सर आते रहते हैं।अब सवाल यह उठता है कि दोषी कोई भो हो मयूराक्षी नदी ही उन कागजातों को फेंकना सुरक्षित समझा।सभी दस्तावेज को सुरक्षित जला भी सकते थे।इस तरह फेकना सोची समझी साजिश तो नहीं।

### लातेहार जिला सीआरपीएफ 11 बटालियन ने स्वैच्छिक रक्तदान किया




ट्रूथ पथ प्रतिनिधि

लातेहार : जिला मुख्यालय के सीआरपीएफ 11 बटालियन कैंप में रविवार को विश्व रक्तदान दिवस मनाया गया।बटालियन के कमांडेंट रतिंद्र चरण मिश्र के मार्गदर्शन में अधिकारियों एवं जवानो ने रक्तदान किया। मौके पर श्री मिश्र ने कहा कि विश्व रक्तदाता दिवस दुनिया भर में रक्तदान के महत्व को बढ़ावा देने और स्वैच्छिक रक्तदाताओ को सम्मान देने के लिए मनाया जाता है।आए दिन सीआरपीएफ के अलावा स्थानीय लोग बीमार से पीड़ित अमीर या गरीब को रक्तदान करते आ रहे है।उन्होंने कहा कि सीआरपीएफ के जवान भी हमेशा जरूरतमंद लोगो को हर संभव हर प्रकार की सहायता मुहैया कराने में पिछे नहीं रहते है. इस दौरान सीआरपीएफ के अधिकारियों एवं जवानो ने विश्व रक्तदाता दिवस पर शपथ ग्रहण किया।मौके पर द्वितीय कमान अधिकारी पितबाश पंडा, सहायक कमांडेंट नीरज कुमार, चिकित्सा अधिकारी डॉ पाटे शुभम विवेक समेत कई अधिकारी व जवान उपस्थित थे।

### विश्व रक्तदाता दिवस पर जिला प्रशासन की ओर से चक्रधरपुर रेलवे अस्पताल में रक्तदान शिविर का आयोजन



ट्रूथ पथ प्रतिनिधि

पश्चिमी सिंहभूम : चक्रधरपुर रेलवे अस्पताल के ब्लड सेंटर में रविवार को जिला प्रशासन की ओर से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। विश्व रक्तदाता दिवस पर सभी रक्तदाताओं को सम्मानित व प्रोत्साहित किया गया। शिविर का शुभारंभ रेल मंडल परिचालन प्रबंधक (समन्वय) मनीष पाठक ने रक्तदान कर किया। शिविर में काफी संख्या में सीआरपीएफ के जवानों ने उत्साह पूर्वक रक्तदान किया।शिविर में श्री पाठक ने कहा कि रक्तदान पुण्य का काम है, रक्तदान से अपना व दूसरो का भी भला होता है।रक्त की जरुरतों को पूरा करना सभी का कर्तव्य है, क्योंकि रक्त का कोई विकल्प नहीं होता है।रक्तदान कर किसी जरुरतमंद की मदद कर सकते हैं।इस अवसर पर रेलवे अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ सुब्रत कुमार मिश्रा, सीआरपीएफ कमांडेंट अंबुज कुमार, चिकित्सक डॉ दीपक, डॉ जी सोरेन, डॉ श्याम सोरेन, एसीएमएस डॉ एसए संगा व जिला के टेक्नीशियन उपस्थित थे।रक्तदान शिविर में मतदाताओं को प्रत्साहित करने रेलवे अस्पताल पहुंचे मंडल रेल प्रबंधक तरुण हुरिया ने कहा कि देशभर में आयुष्मान भारत सेवा के लिए नंबर वन अस्पताल में ख्याति प्राप्त चक्रधरपुर रेलवे अस्पताल है।पश्चिमी सिंहभूम जिले भर में सबसे अच्छे अस्पतालों में बेहतर सेवा देने में शुमार है।रेलवे अस्पताल में अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधा व सेवा उपलब्ध की जायेगी। उन्होंने कहा कि रेलवे अस्पताल में मरीजों की सर्जरी हो रही है, जिससे यहां ब्लड बैंक का होना बेहद जरुरी है। रेलवे अस्पताल में ब्लड बैंक होगा, तो सर्जरी के मरीजों के लिये अच्छा होगा।उन्होंने लोगों से अपील की है कि वह रक्तदान कर जरुरतमंद लोगों के जीवन बचाने का कार्य करें।

### चास नगर निगम के सिटी मैनेजर में अमृत पार्क फेज तीन के संचालक पर दर्ज करायी प्राथमिकी

ट्रूथ पथ प्रतिनिधि

बोकारो : चास नगर निगम के सिटी मैनेजर रामकुमार श्रीवास्तव की शिकायत पर पिंड्राजोरा थाना में शुक्रवार को अमृत पार्क फेज तीन के संचालक कपिल अहमद के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गयी है।आरोप लगाया गया है कि पार्क संचालन से संबंधित निर्धारित राशि का भुगतान नहीं किया गया। निगम को दिया गया चेक भी बैंक से वापस लौट गया। वार्ड संख्या 30 स्थित अमृत पार्क फेज तीन के संचालन व रखरखाव का दायित्व एक निजी कंपनी को 10 वर्षों के लिए सौंपा गया था। अनुबंध के अनुसार कंपनी को हर वर्ष 3.36 लाख रुपये से अधिक की राशि नगर निगम को देनी थी।साथ ही हर वर्ष पांच प्रतिशत की वृद्धि का भी प्रावधान तय किया गया था। 13 जुलाई 2024 को संचालक की ओर से लगभग 4.50 लाख रुपये का चेक निगम को सौंपा गया था।चेक को बैंक में भुगतान के लिए प्रस्तुत किया गया, तो चेक बाउंस हो गया। निगम का दावा है कि कंपनी पर जीएसटी सहित कुल 8.55 लाख रुपये से अधिक की राशि अभी भी बकाया है।प्राथमिकी दर्ज करने के बाद पिंड्राजोरा पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# रांची-टाटा मार्ग को मिलेगी नई रफ्तार,214.79 करोड़ की ओवरले परियोजना को मिली स्वीकृति,18 जून को होगा भूमिपूजन

ट्रूथ पथ प्रतिनिधि

सरायकेला : झारखंड के सबसे महत्वपूर्ण राष्ट्रीय राजमार्गों में से एक रांची-महुलिया (टाटा) खंड, राष्ट्रीय राजमार्ग-33 (नया एनएच-43 एवं एनएच-18) के सुदृढ़ीकरण एवं पुनर्विकास के लिए लगभग 126.497 किलोमीटर लंबी तथा 214.79 करोड़ की ओवरले परियोजना को स्वीकृति प्रदान की गई है। इस महत्वपूर्ण परियोजना के पूर्ण होने से रांची और जमशेदपुर के बीच यात्रा अधिक सुगम, सुरक्षित एवं आरामदायक होगी।

रांचीझ्रमहुलिया खंड राज्य की राजधानी रांची को औद्योगिक नगरी जमशेदपुर से जोड़ने वाला प्रमुख परिवहन गलियारा है। इस मार्ग पर प्रतिदिन भारी वाणिज्यिक वाहनों, यात्री बसों, खनिज परिवहन वाहनों तथा स्थानीय यातायात का व्यापक आवागमन होता है। लगातार भारी यातायात, मानसून के दौरान जल प्रवेश तथा सड़क की बढ़ती आयु के कारण कई स्थानों पर सड़क की सतह क्षतिग्रस्त हो गई है, जिससे यात्रा प्रभावित हो रही है।प्रस्तावित कार्य के अंतर्गत क्षतिग्रस्त बिटुमिनस सतह की मिलिंग कर उसे हटाया जाएगा तथा आवश्यक सुदृढ़ीकरण के उपरांत डेंस बिटुमिनस मैकाडम एवं बिटुमिनस कंक्रीट की नई परत बिछाई जाएगी। इससे सड़क की संरचनात्मक क्षमता बढ़ेगी, यात्रा समय में कमी आएगी तथा सड़क सुरक्षा में उल्लेखनीय सुधार होगा।यह परियोजना खनिजों, औद्योगिक उत्पादों तथा अंतर्राज्यीय यातायात के दृष्टिकोण से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। रांचीझ्रटाटा कॉरिडोर झारखंड को ओडिशा एवं पश्चिम बंगाल से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। परियोजना के पूर्ण होने के बाद इस मार्ग पर यातायात संचालन और अधिक सुगम एवं निर्बाध हो सकेगा।




मथुरा स्थित मेसर्स एसआर-एससी इंफ्रा प्राइवेट लिमिटेड को इस कार्य के लिए दो पैकेजों में कुल 214.79 करोड़ की लागत से कार्य आवंटित किया गया है। निर्माण कार्य भारतीय सड़क कांग्रेस के मानकों, स्वीकृत तकनीकी विनिदेशों एवं गुणवत्ता नियंत्रण प्रक्रियाओं के अनुरूप किया जाएगा।इस महत्वपूर्ण परियोजना को रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ के सतत प्रयासों एवं पहल के परिणामस्वरूप स्वीकृति प्राप्त हुई है। श्री सेठ ने रांचीझ्रटाटा मार्ग की जर्जर स्थिति को देखते हुए इसके सुदृढ़ीकरण की आवश्यकता को लगातार संबंधित मंत्रालय एवं विभागों के समक्ष उठाया था। परियोजना की स्वीकृति के लिए श्री सेठ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी के प्रति आभार जताया है।

परियोजना का भूमि पूजन कार्यक्रम 18 जून को आयोजित किया जाएगा तथा इसके बाद कार्य प्रारंभ कर निर्धारित समय सीमा के भीतर पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है। यह परियोजना झारखंड के आधारभूत ढांचे को मजबूती प्रदान करने के साथ-साथ क्षेत्रीय आर्थिक गतिविधियों, औद्योगिक विकास एवं यातायात सुविधा को नई गति प्रदान करेगी।

## योग दिवस पर योगदा सत्संग आश्रम के कार्यक्रम से जुड़े 25 हजार से अधिक लोग, ध्यान योग से शांति का संदेश

ट्रूथ पथ प्रतिनिधि

रांचीः अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2026 के उपलक्ष्य में योगदा सत्संग सोसाइटी ऑफ इंडिया (वाईएसएस) द्वारा रविवार को रांची आश्रम में ह्यध्यान योग द्वारा शांति की अनुभूतिह्व विषय पर विशेष आध्यात्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ संन्यासी स्वामी ईश्वरानन्द गिरि ने ध्यान और योग के माध्यम से आंतरिक शांति प्राप्त करने के उपायों पर प्रकाश डाला। इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भारत और विदेशों में वाईएसएस के केंद्रों, ध्यान समूहों, शैक्षणिक संस्थानों, कॉर्पोरेट वेलनेस समूहों तथा अन्य सार्वजनिक स्थलों पर किया गया, जिससे प्रत्यक्ष और ऑनलाइन माध्यमों से लगभग 25 हजार लोगों ने भागीदारी की। 90 मिनट तक चले इस कार्यक्रम में भजन, निर्देशित ध्यान-सत्र, सकारात्मक संकल्पों और सृजनात्मक दृश्यांकन के माध्यम से प्रतिभागियों को एकाग्रता, मानसिक संतुलन और आंतरिक शांति के लिए व्यावहारिक आध्यात्मिक प्रविधियों का अनुभव कराया गया। स्वामी ईश्वरानन्द ने कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि जीवन जीने का एक संपूर्ण विज्ञान है, जो शरीर, मन और आत्मा को सामंजस्यपूर्ण रूप से विकसित करते



हुए व्यक्ति को उसके अंतर्निहित शांति स्रोत और ईश्वर से जोड़ता है। उन्होंने विश्वविख्यात आध्यात्मिक गुरु तथा ह्ययोगी कथामृतह्व के लेखक परमहंस योगानन्द की शिक्षाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि ध्यान के माध्यम से प्रत्येक व्यक्ति अपने भीतर स्थित दिव्य शांति का अनुभव कर सकता है। उन्होंने योगानन्द के शब्दों को उद्धृत करते हुए कहा कि ह्लध्यान वह स्रोत है जिससे ईश्वर की शांति आपकी आत्मा में प्रवाहित होती है।ह्व स्वामीजी ने यह भी कहा कि शांति कहीं बाहर नहीं मिलती, बल्कि नियमित ध्यान साधना के माध्यम से व्यक्ति अपने भीतर ही उसे विकसित कर सकता है। उन्होंने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि वर्षों के ध्यान-अभ्यास से उन्होंने महसूस किया है कि ध्यान का स्वाभाविक परिणाम आंतरिक शांति है और यह व्यक्ति को तनाव, चुनौतियों तथा अनिश्चित परिस्थितियों के बीच भी संतुलित बनाए रखता है। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को ध्यान की मूलभूत विधियों का अभ्यास कराया गया तथा सकारात्मक सोच और साहस के साथ जीवन की चुनौतियों का सामना करने का संदेश दिया गया। समापन अवसर पर योगदा सत्संग पाठमाला की जानकारी भी दी गई, जिसके माध्यम से साधक घर बैठे ध्यान की वैज्ञानिक विधियों और आध्यात्मिक जीवन के सिद्धांतों का क्रमबद्ध अध्ययन कर सकते हैं। योगदा सत्संग सोसाइटी ऑफ इंडिया की स्थापना परमहंस योगानन्द ने वर्ष 1917 में की थी। उनकी प्रसिद्ध पुस्तक ह्ययोगी कथामृतह्व ने दुनियाभर में लाखों लोगों को योग और ध्यान की ओर प्रेरित किया है। वर्तमान में संस्था भारत और पड़ोसी देशों में अपने आश्रमों, ध्यान केंद्रों और विभिन्न आध्यात्मिक कार्यक्रमों के माध्यम से योग, ध्यान और संतुलित जीवन की शिक्षाओं का प्रसार कर रही है।

## इंडोर स्टेडियम का हुआ उद्घाटन, अंडर-17 मैच से होगी शुरूआत



ट्रूथ पथ प्रतिनिधि

दुमका : सरैयाहाट स्थित बहुप्रतीक्षित इंडोर स्टेडियम का उद्घाटन रविवार को पोड़ैयाहाट विधायक प्रदीप यादव ने फीता काटकर किया। उद्घाटन समारोह में क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी, खिलाड़ी एवं बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे।मौके पर विधायक प्रदीप यादव ने कहा कि इस इंडोर स्टेडियम के बन जाने से क्षेत्र के खिलाड़ियों को अब बेहतर खेल सुविधाएं मिलेंगी।पहले जहां खिलाड़ियों को अभ्यास के लिए पर्याप्त संसाधन नहीं मिल पाते थे, वहीं अब वे आधुनिक सुविधाओं के बीच अपनी प्रतिभा को निखार सकेंगे।उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में खेल प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है, जरूरत है उन्हें सही मंच और संसाधन उपलब्ध कराने की।उन्होंने आगे कहा कि सरकार खेल एवं युवाओं के सर्वांगीण विकास के लिए लगातार प्रयासरत है।इस तरह के स्टेडियम बनने से न केवल स्थानीय स्तर पर खेल को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि आने वाले समय में यहां जिला एवं राज्य स्तर की प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जा सकेंगी।उद्घाटन के बाद स्टेडियम में अंडर-17 खिलाड़ियों के बीच सिंगल व डबल मैच का आयोजन किया जाएगा, जिससे इस नए परिसर में खेल गतिविधियों की औपचारिक शुरूआत होगी।इस अवसर पर अंचलाधिकारी राहुल कुमार शानू सहित थाना प्रभारी राजेंद्र यादव मतीन अशोक यादव, अंसारी,दीपक यादव बसंती मुर्मू अन्य प्रशासनिक पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य लोग मौजूद थे।

## रेल पटरी किनारे युवक का शव मिलने से सनसनी, ट्रेन की चपेट में आने से मौत की आशंका



ट्रूथ पथ प्रतिनिधि

पश्चिमी सिंहभूम : बड़ाजामदा से गुवा जाने वाले रेल मार्ग पर पोल संख्या 3907जी/8जी के समीप रविवार को रेल पटरी किनारे एक युवक का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। स्थानीय लोगों ने शव पड़े होने की सूचना बड़ाजामदा पुलिस को दी, जिसके बाद पुलिस तत्काल घटनास्थल पर पहुंचकर जांच में जुट गई। जांच के दौरान मृतक की पहचान अशोक कुमार गिरी (पिता झ्र भागो गिरी) के रूप में हुई। वह ओडिशा के मयूरभंज जिला अंतर्गत घाघरबेड़ा थाना क्षेत्र के नक्सरा गांव का निवासी था। पुलिस ने मृतक के परिजनों को घटना की सूचना दे दी है। थाना प्रभारी ने बताया कि प्रारंभिक जांच में मामला ट्रेन की चपेट में आने से हुई दुर्घटना का प्रतीत हो रहा है। उन्होंने बताया कि यह हादसा शनिवार का बताया जा रहा है तथा इसकी सूचना पुलिस को रविवार दोपहर करीब 12 बजे मिली। सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आवश्यक जांच-पड़ताल की और शव को अपने कब्जे में ले लिया। पुलिस ने पंचनामा की प्रक्रिया पूरी करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए चाईबासा सदर अस्पताल भेज दिया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है और यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि युवक किन परिस्थितियों में रेल पटरी तक पहुंचा और हादसा कैसे हुआ।

## देवघर को मिला मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना की चार माह का एडवांस राशि

ट्रूथ पथ प्रतिनिधि

देवघर : मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के लाभुकों के लिए बड़ी राहत की खबर है।राज्य सरकार ने देवघर जिले को मंईयां सम्मान योजना के तहत कुल 382 करोड़ रुपये उपलब्ध करा दिया है। इसमें अप्रैल और मई माह की बकाया राशि के साथ जून, जुलाई, अगस्त और सितंबर माह के लिए एडवांस राशि भी शामिल है। राशि उपलब्ध होने के बाद अब सितंबर तक लाभुकों को भुगतान के लिए इंतजार नहीं करना पड़ेगा और प्रत्येक माह समय पर राशि उनके खातों में भेज दी जायेगी।देवघर जिले में वर्तमान में लगभग 2.41 लाख महिलाएं मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का लाभ प्राप्त कर रही हैं।अप्रैल और मई माह की बकाया राशि के रूप में प्रति लाभुक 5000 रुपये भुगतान करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गयी है। जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग की ओर से ट्रेजरी के




माध्यम से राशि हस्तांतरण की कार्रवाई की जा रही है। अधिकारियों के अनुसार 30 जून से पहले सभी लाभुकों के बैंक खातों में दो माह की बकाया राशि भेज दी जायेगी। अप्रैल और मई माह की बकाया राशि भुगतान के लिए करीब 120 करोड़ रुपये खर्च होंगे। इसके अलावा राज्य सरकार ने जून, जुलाई, अगस्त और सितंबर माह के भुगतान के लिए लगभग 262 करोड़ रुपये की एडवांस राशि भी देवघर जिले को उपलब्ध करा दी है। इससे अगले चार माह तक योजना के लाभुकों को भुगतान में किसी प्रकार की परेशानी नहीं होगी। राज्य स्तर से अग्रिम राशि उपलब्ध होने के कारण अब प्रत्येक माह निर्धारित समय पर लाभुकों के खातों में योजना की राशि भेज दी जायेगी। सितंबर माह तक के लिए फंड उपलब्ध होने से भुगतान को लेकर किसी तरह की अनिश्चितता नहीं रहेगी। इससे जिले की लाखों महिलाओं को बड़ी राहत मिलेगी।जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग की सहायक निदेशक सरिता भारती ने बताया कि लाभुकों के सत्यापन की प्रक्रिया चलने के कारण अप्रैल और मई माह की राशि समय पर खातों में नहीं भेजी जा सकी थी। सत्यापन कार्य पूरा होने के बाद अब भुगतान प्रक्रिया शुरू कर दी गयी है।उन्होंने बताया कि 30 जून से पहले जिले के सभी 2.41 लाख लाभुकों के खातों में अप्रैल और मई माह की बकाया राशि भेज दी जायेगी।साथ ही अगले चार माह के भुगतान के लिए भी पर्याप्त राशि उपलब्ध है। ऐसे में मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के लाभुकों को सितंबर तक भुगतान के लिए इंतजार नहीं करना पड़ेगा और समय पर उनके खातों में राशि पहुंचती रहेगी।

## पुल बना, लेकिन उजड़ गया घाट, नुआग्राम-अमाईनगर में नदी का अस्तित्व बचाने की मांग

ट्रूथ पथ प्रतिनिधि

पूर्वी सिंहभूम : घाटशिला प्रखंड की नुआग्राम और अमाईनगर के बीच स्थित सुवर्णरेखा नदी का पारंपरिक घाट धीरे-धीरे अपना अस्तित्व खोता जा रहा है। स्थानीय ग्रामीणों का आरोप है कि वर्ष 2012-13 में पुल निर्माण के दौरान नदी के बीच पत्थरों का अस्थायी बांध बनाया गया था, लेकिन पुल निर्माण पूरा होने के बाद भी उसे नहीं हटाया गया। इसका असर अब नदी के प्राकृतिक प्रवाह और घाट की सुंदरता पर साफ दिखाई देने लगा है।ग्रामीणों के अनुसार, कभी नुआग्राम और अमाईनगर घाट क्षेत्र स्थानीय लोगों, मछुआरों और श्रद्धालुओं के लिए प्रमुख स्थल माना जाता था।लेकिन नदी के बीच बने पत्थर के अवरोध के कारण जल प्रवाह प्रभावित हुआ है। नदी में जलकुंभी और अन्य जलीय खरपतवार तेजी से फैल रहे हैं, जिससे घाट का स्वरूप बिगड़ता जा रहा है।स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि पुल के नीचे बने पत्थर के अवरोध को हटाया जाय तो नदी का प्राकृतिक प्रवाह बहाल हो सकता है।इससे घाट की सुंदरता लौटेगी और मछुआरों को भी लाभ मिलेगा।ग्रामीणों ने नदी की सफाई और संरक्षण के लिए भी ठोस पहल की मांग की है।ग्रामीणों ने बताया कि अमाईनगर घाट की ओर नदी का कटाव भी लगातार बढ़ रहा है। बरसात के दिनों में तेज बहाव के कारण तटवर्ती क्षेत्र प्रभावित हो रहे हैं। इसके बावजूद अब तक संबंधित विभाग की ओर से कोई प्रभावी कदम नहीं उठाया गया है। ग्रामीणों का कहना है कि गरीब और ग्रामीण इलाकों की समस्याओं पर अक्सर ध्यान नहीं दिया जाता।उन्होंने मांग की है कि पुल निर्माण के दौरान बनाए गये पत्थर के अवरोध को हटाया जाय, नदी की सफाई करायी जाय और घाट क्षेत्र के संरक्षण के लिए योजना बनायी जाये, ताकि वर्षों पुरानी पहचान और प्राकृतिक सौंदर्य को बचाया जा सके।

## होमगार्ड जवान पहुंचा महिला थाना पत्नी को लेकर काउंसेलिंग कराने, गरगा में लगाया छलांग

**पांच माह पहले ही हुई थी होमगार्ड जवान की शादी, चार माह से चल रहा था विवाद**

ट्रूथ पथ प्रतिनिधि

बोकारो : सेक्टर वन स्थित महिला थाना में शनिवार की रात एक पारिवारिक विवाद का मामला आया।इसमें तेलो निवासी होमगार्ड जवान बादल महली की अपनी पत्नी के साथ चल रहे वैवाहिक विवाद के मामले को निपटाने के लिए काउंसलिंग की जा रही थी।काउंसेलिंग के दौरान होमगार्ड जवान असहमत नाराज होकर थाने से निकल गये। महिला थाना की पुलिस ने पीछा किया।परंतु कुछ पता नहीं चला। कुछ समय बाद सूचना मिली कि जवान ने जेवियर स्कूल के पीछे स्थित गरगा नदी में छलांग लगा दी है।जानकारी मिलते ही बीएस सिटी इंस्पेक्टर सुदामा कुमार दास व महिला थाना प्रभारी मीरा लकडा घटनास्थल पर पहुंची। जवान को सुरक्षित बाहर निकालकर इलाज के लिए सदर अस्पताल में दाखिल कराया। चिकित्सकों के अनुसार हालत खतरे से बाहर है।महिला थाना प्रभारी मीरा लकड़ा ने बताया कि तेलो निवासी बादल महली का पत्नी के साथ वैवाहिक विवाद था।

## संक्षिप्त खबरें

# धोखाधड़ी के आरोप में आठ वर्षों से फरार आरोपी पर कसा शिकंजा, घर पर चस्पा किया गया इश्तेहार



**धनबाद के धनसार थाना कांड संख्या 26/2019 में वांछित है राजनन्दन कुमार उर्फ राजन**

**फतेहपुर के डुमरी टोला हलीमचक में ग्रामीणों की मौजूदगी में तामिला की गई प्रक्रिया**

फतेहपुर (गया जी): धोखाधड़ी एवं आपराधिक विश्वासघात के मामले में पिछले आठ वर्षों से फरार चल रहे आरोपी के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई तेज कर दी है। रविवार को झारखंड के धनबाद जिले की धनसार थाना पुलिस ने फतेहपुर थाना पुलिस के सहयोग से फतेहपुर थाना क्षेत्र के डुमरी टोला हलीमचक गांव में आरोपी के घर न्यायालय का इश्तेहार चस्पा कर तामिला की कानूनी प्रक्रिया पूरी की।मामले के अनुसंधानकर्ता एसआई ललिता सोरेन एवं एसआई राजेश कुमार लोहरा ने बताया कि डुमरी टोला हलीमचक निवासी राजनन्दन कुमार उर्फ राजन के विरुद्ध धनसार थाना कांड संख्या 26/2019 में भारतीय दंड संहिता की धारा 406 एवं 420 के तहत मामला दर्ज है। आरोपी लंबे समय से फरार चल रहा है, जिसके कारण न्यायालय के आदेश पर उसके आवास के मुख्य द्वार पर विधिवत इश्तेहार चस्पा किया गया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि ग्रामीणों की उपस्थिति में पूरी प्रक्रिया का पालन करते हुए तामिला की कार्रवाई संपन्न की गई। साथ ही न्यायालय के निदेर्शानुसार आगे की कानूनी कार्रवाई भी जारी रहेगी।

इस अभियान में धनसार थाना की पुलिस टीम, फतेहपुर थाना के गश्ती पदाधिकारी तथा सशस्त्र बल के जवान शामिल रहे। पुलिस की इस कार्रवाई को फरार आरोपियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान का महत्वपूर्ण हिस्सा माना जा रहा है।

# फतेहपुर में 16 से 18 जून तक लगेगा सहयोग-सह-जनकल्याण शिविर

**पंचायत सहयोग शिविर के साथ-साथ तीन दिवसीय प्रखंड स्तरीय शिविर आयोजित करने का निर्देश**

फतेहपुर (गया जी):बिहार सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग के निदेर्शानुसार फतेहपुर प्रखंड में 16, 17 एवं 18 जून को प्रखंड सहयोग-सह- जनकल्याण शिविर आयोजित किया जाएगा। विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. बी. राजेन्द्र द्वारा जारी पत्र के अनुसार 16 जून को प्रस्तावित पंचायत सहयोग शिविर के साथ-साथ प्रखंड स्तर पर भी जनकल्याण शिविर का आयोजन किया जाएगा। स्थानीय प्रशासन इसकी तैयारी में जोर-शोर से लगी है।बीडीओ शशिभूषण साहू ने बताया कि सरकार का उद्देश्य आम लोगों को एक ही स्थान पर विभिन्न सरकारी सेवाओं का लाभ उपलब्ध कराना तथा उनकी समस्याओं का शीघ्र निष्पादन करना है। इसके लिए जिलाधिकारी द्वारा आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित कर सफल आयोजन कराने का निर्देश दिया गया है। निर्देश के अनुसार, 16 से 18 जून तक लगातार तीन दिनों तक प्रखंड में यह शिविर समानांतर रूप से संचालित होगा। शिविर में विभिन्न विभागों की योजनाओं से संबंधित सेवाएं, जन शिकायतों का निवारण, प्रमाण पत्र, पेंशन, राशन, आवास तथा अन्य कल्याणकारी योजनाओं से जुड़े मामलों का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि निदेर्शानुसार शिविर की तैयारी जोर शोर से चल रही है और ग्रामीणों तक इसकी जानकारी पहुंचाने के लिए प्रचार-प्रसार भी किया जा रहा है।

# सुपौल में 50 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद, दो तस्कर गिरफ्तार

सुपौल, (एजेंसी) : जिले के वीरपुर थाना पुलिस ने मादक पदार्थों के



खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 50 ग्राम ब्राउन शुगर (हेरोइन) बरामद की है। मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस के अनुसार जब्त ब्राउन शुगर की अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत करीब 5 से 5.5 लाख रुपये है। छापेमारी के दौरान नशीले पदार्थों की बिक्री और तस्करी में इस्तेमाल होने वाले कई उपकरण भी बरामद किए गए हैं। रविवार शाम आयोजित प्रेस वार्ता में वीरपुर एसडीपीओ सुरेंद्र कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि वीरपुर थाना क्षेत्र के कोचगामा पंचायत अंतर्गत भगवानपुर वार्ड संख्या-04 निवासी राम कुमार अपने घर में ब्राउन शुगर रखकर उसकी बिक्री कर रहा है।सूचना के सत्यापन के बाद पुलिस अवर निरीक्षक जैवेन्द्र कुमार झा के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया और तत्काल छापेमारी की गई।पुलिस टीम के पहुंचते ही दो युवक मौके से भागने की कोशिश करने लगे, लेकिन जवानों ने घेराबंदी कर दोनों को पकड़ लिया। पूछताछ में उनकी पहचान भगवानपुर वार्ड-04 निवासी 29 वर्षीय राम कुमार, पिता महेश्री पासवान, तथा भगवानपुर वार्ड-06 निवासी 32 वर्षीय मो. आजाद, पिता मो. इसराइल, के रूप में हुई।

इसके बाद मजिस्ट्रेट हेमंत अंकुर, अंचलाधिकारी बसंतपुर की मौजूदगी में आरोपित के घर की विधिवत तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान फूस के झोपड़ीनुमा घर में रखे पीतल के बर्तन और प्लास्टिक की पन्नी से कुल 50 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद हुई।छापेमारी के दौरान पुलिस ने एक इलेक्ट्रॉनिक वजन मशीन, दो मोबाइल फोन, एल्यूमिनियम फॉयल, 1,920 रुपये नकद, सीसीटीवी डीवीआर, पावर सप्लाई उपकरण तथा एक टीवीएस अपाचे मोटरसाइकिल भी जब्त की। प्रारंभिक जांच में इन सामानों का इस्तेमाल मादक पदार्थों की पैकिंग, निगरानी और तस्करी से जुड़े कार्यों में होने की आशंका जताई जा रही है।एसडीपीओ ने बताया कि जांच में यह बात सामने आई है कि जब्त मोटरसाइकिल का उपयोग नेपाल सीमा क्षेत्र से मादक पदार्थ लाने और उसकी तस्करी करने में किया जाता था। पुलिस अब पूरे नेटवर्क की कड़ियों को जोड़ने और इस कारोबार से जुड़े अन्य लोगों की पहचान करने में जुटी है।इस संबंध में एनडीपीएस एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। दोनों गिरफ्तार आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेजने की प्रक्रिया पूरी की जा रही है। पुलिस का कहना है कि जिले में नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा और इसमें शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा।

# देश का पहला स्मार्ट सिंचाई मॉडल जिला बनेगा सारण: राजीव प्रताप रूडी

सारण, (एजेंसी) : प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर एक विशेष प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया।

इस दौरान सारण के सांसद राजीव प्रताप रूडी ने सरकार की उपलब्धियों को रेखांकित करते हुए कहा कि यह यात्रा केवल एक सरकार का कार्यकाल नहीं, बल्कि भारत के आत्मविश्वास, सुशासन और जनकल्याण की नई गाथा है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश ने राजनीतिक स्थिरता, मजबूत अर्थव्यवस्था, सुदृढ़ राष्ट्रीय सुरक्षा और गरीब कल्याण के क्षेत्र में ऐतिहासिक सफलता पाई है। प्रेस वार्ता में विधायक श्रीमती छोटी कुमारी सहित भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी, कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में पत्रकार मौजूद थे।

सांसद रूडी ने कहा कि पिछले 12 वर्षों में विकास का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचा है। उन्होंने बताया कि मुद्रा योजना से 40 करोड़ से अधिक लोगों को ऋण मिला, चार करोड़ परिवारों को पक्के घर मिले और किसानों को सीधे आर्थिक सहायता प्राप्त हुई। देश में





बुनियादी ढांचे का अभूतपूर्व विस्तार हुआ है; वर्ष 2014 में जहां केवल 64 हवाई अड्डे थे, वहीं आज इनकी संख्या बढ़कर लगभग 174 हो चुकी है। सड़क, रेल, एक्सप्रेस-वे और ऊर्जा के क्षेत्रों में भारत ने वैश्विक मंच पर अपनी नई पहचान बनाई है।

सांसद रूडी ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी के विशेष स्नेह के कारण सारण उत्तर बिहार के विकास का नया केंद्र बन रहा है। वर्तमान में जिले में लगभग 37 हजार करोड़ रुपये की परियोजनाओं पर कार्य चल रहा है, जबकि पिछले तीन महीनों में 28 हजार करोड़ रुपये की नई परियोजनाओं को मंजूरी मिली है।

यातायात और कनेक्टिविटी को सुदृढ़ करने के लिए गंगा नदी पर दो नए विशाल पुलों दीघा-बाकरपुर-सोनपुर और शेरपुर-दिघवारा का निर्माण प्रस्तावित है। इसके साथ ही माझी, डोरीगंज, दिघवारा और जेपी सेतु के समानांतर छह लेन पुल तथा हाजीपुर क्षेत्र की परियोजनाएं सारण को उत्तर बिहार का सबसे बड़ा संपर्क केंद्र बनाएंगी। इसके अलावा, 6000 करोड़ रुपए की बाकरपुर-डुमरियाघाट सुपर एक्सप्रेस-वे परियोजना और कोन्हुआ से गोपालगंज तक 92 किमी लंबे एक्सप्रेस-वे की स्वीकृति से क्षेत्र की कनेक्टिविटी को नई रफ्तार मिलेगी।

जल प्रबंधन के क्षेत्र में सारण को देश का मॉडल जिला घोषित करते हुए सांसद रूडी ने कहा कि 11,000 करोड़ रुपए की गंडक जल परियोजना और 1400 करोड़ रुपए की नदी-जोड़ योजना को मंजूरी मिल चुकी है। इसके तहत जिले की 640 किलोमीटर लंबी नदी प्रणाली को पुनर्जीवित कर हर खेत तक पानी पहुंचाया जाएगा।

सारण को देश के पहले एससीएडीए आधारित स्मार्ट सिंचाई मॉडल जिले के रूप में विकसित किया जा रहा है। यहां एटीएम की तर्ज पर डिजिटल जल प्रबंधन प्रणाली स्थापित होगी, जहां किसान आधुनिक तकनीक से अपने खेतों की सिंचाई को नियंत्रित कर सकेंगे।

सांसद रूडी ने एक बड़ी घोषणा करते हुए कहा कि सोनपुर क्षेत्र में दक्षिण एशिया के सबसे बड़े विमानन केंद्र का विकास किया जा रहा है। यह परियोजना बिहार के साथ-साथ नेपाल, भूटान, बांग्लादेश, पूर्वोत्तर भारत, झारखंड और पूर्वी उत्तर प्रदेश के लिए गेम-चेंजर साबित होगी।

# अमनौर के शेखपुरा दुखन मोड़ के पास से देशी कट्टा के साथ तीन युवक गिरफ्तार

सारण, (एजेंसी) : अमनौर वरीय पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार के निर्देशन में चलाए जा रहे विशेष छापेमारी अभियान के तहत अमनौर थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन संदिग्ध युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके पास से अवैध हथियार, कारतूस और एक मोटरसाइकिल भी जब्त की है।प्राप्त जानकारी के अनुसार अमनौर थाना पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि शेखपुरा स्थित दुखन मोड़ के पास तीन संदिग्ध युवक किसी आपराधिक घटना को अंजाम देने की फिराक में जुटे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने बताए गए स्थान पर छापेमारी की। पुलिस को देखते ही तीनों आरोपियों ने भागने की कोशिश की पुलिस कर्मियों ने घेराबंदी कर तीनों को मौके पर ही पकड़ लिया।

तलाशी के दौरान इनके पास से एक देशी कट्टा, एक जिंदा कारतूस, तीन मोबाइल फोन और वारदात में इस्तेमाल होने वाली एक मोटरसाइकिल बरामद की गई है। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान भेल्दी थाना क्षेत्र के पैगा सदर निवासी चंदन कुमार, अभिषेक कुमार तथा वैधनाथपुर निवासी शैलेन्द्र कुमार के रूप में हुई है।इस मामले में पुलिस ने अमनौर थाना कांड संख्या-245/26 दर्ज कर बीएनएस की धारा 317(2)/3(5) और आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है। पुलिस इस गिरोह के अन्य नेटवर्क को खंगालने में जुटी है। छापेमारी टीम में अमनौर थानाध्यक्ष सहित कई पुलिस पदाधिकारी और जवान शामिल थे।

# सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना से रोशन होंगे ढाई लाख घर

भागलपुर,(एजेंसी) :बिहार सरकार के नई सरकार गठन के 60 दिन पूरे होने के अवसर पर रविवार को ऊर्जा क्षेत्र में कई योजनाओं की शुरूआत की गई।पटना में प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत 512 करोड़ रुपये की लागत से 2.50 लाख कुटीर ज्योति उपभोक्ताओं के घरों की छतों पर सौर ऊर्जा संयंत्र लगाने के कार्य का शुभारंभ किया गया। इसके साथ ही ऊर्जा प्रक्षेत्र की 1278 करोड़ रुपये की योजनाओं का लोकार्पण और उद्घाटन भी किया गया।कार्यक्रम का सीधा प्रसारण वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से भागलपुर के समीक्षा भवन में किया गया। इस दौरान भागलपुर के जिलाधिकारी डॉ. नवल किशोर चौधरी, उप विकास आयुक्त प्रदीप कुमार सिंह, बिजली विभाग के पदाधिकारी और योजना से जुड़े लाभार्थी मौजूद रहे। कार्यक्रम में लाभार्थियों ने योजना को लेकर खुशी जताई और बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को धन्यवाद दिया।

# फ्लिपकार्ट के सामान की अदला-बदली कर ठगी करने वाले पांच गिरफ्तार

डेहरी आन सोन (एजेंसी) : रोहतास जिले में डेहरी नगर थाना पुलिस ने फ्लिपकार्ट के सामान की अदला-बदली कर ठगी करने वाले एक संगठित गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए पांच आरोपितों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने उनके कब्जे से कार, कैमरा, लैपटॉप, मोबाइल समेत बड़ी मात्रा में इलेक्ट्रॉनिक सामान बरामद किया है। एएसपी अतुलेश झा ने पत्रकार वार्ता के दौरान बताया कि 13 जून की शाम करीब 8:30 बजे डेहरी और सासाराम की फ्लिपकार्ट टीम तीन संदिग्ध व्यक्तियों को कुछ पार्सलयुक्त सामान के साथ डेहरी नगर थाना लेकर पहुंची। इनमें दो व्यक्ति फ्लिपकार्ट के डिलीवरी बॉय के रूप में कार्यरत थे, जबकि तीसरा व्यक्ति प्राप्त सामान की डुप्लीकेट वस्तुएं तैयार करने का काम करता था। पुलिस द्वारा पूछताछ किए जाने पर तीनों ने खुलासा किया कि गिरोह का संचालन समस्तीपुर जिले के रहने वाले सत्यकाम उर्फ किशु और अमर राजा द्वारा किया जा रहा था। दोनों ने उन्हें 40 हजार रुपये प्रतिमाह का लालच देकर इस अवैध धंधे में शामिल किया था। आरोपितों ने बताया कि महंगे इलेक्ट्रॉनिक सामानों की डिलीवरी के दौरान असली सामान निकालकर उसकी जगह नकली अथवा कम मूल्य की वस्तुएं रख दी जाती थीं। मामले की गंभीरता को देखते हुए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में विशेष छापेमारी दल का गठन किया गया। तकनीकी शाखा और स्थानीय पुलिस की मदद से वाहन संख्या बीआर 09 एएस 7551 की पहचान की गई। प्राप्त सूचना के आधार पर गया जिले के आमस थाना क्षेत्र में उक्त वाहन को रोककर उसमें सवार अमर राजा और सत्यकाम चौधरी को हिरासत में लिया गया तथा डेहरी थाना लाया गया। वाहन की तलाशी के दौरान पुलिस ने एक सोनी कैमरा, दो लैपटॉप, कई मोबाइल फोन, एप्पल कंपनी के हेडफोन, बॉडी कैमरा, स्मार्ट वॉच, गो-प्रो कैमरा, ईयरबड्स, चार्जर केबल, प्लास्टिक सीलिंग मशीन सहित अन्य सामान बरामद किए।

साथ ही दो हार्ड एयर गन भी जब्त की गईं।

# रंगूनगर के गुरुकुल ने बदली सैकड़ों युवाओं की तकदीर, 20 वर्षों की तपस्या का मिला सम्मान

**निःशुल्क कोचिंग से 200 से अधिक युवाओं ने हासिल की सरकारी नौकरियां, क्षेत्र में बनी प्रेरणा की मिसाल**

फतेहपुर (गया जी):फतेहपुर प्रखंड के रंगूनगर में आयोजित सम्मान समारोह सफलता, संघर्ष और सामाजिक समर्पण की अनूठी मिसाल बन गया। सिपाही भर्ती परीक्षा एवं अग्निवीर भर्ती परीक्षा में सफल छात्र-छात्राओं को मेडल, अंगवस्त्र और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। समारोह में उनकी उपलब्धियों की सराहना करते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी गईं।कार्यक्रम के दौरान गुरुकुल संस्थापक नरेश भारती ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र



में किया गया निवेश समाज और राष्ट्र निर्माण की सबसे बड़ी पूंजी है। उन्होंने बताया कि पिछले 20 वर्षों से आर्थिक रूप से कमजोर एवं ग्रामीण पृष्ठभूमि के युवाओं को विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए निःशुल्क कोचिंग दी जा रही है। इसी प्रयास का परिणाम है कि अब तक 200 से अधिक छात्र-छात्राएं विभिन्न सरकारी सेवाओं में चयनित होकर अपने परिवार और क्षेत्र का नाम रोशन कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि संसाधनों की कमी कभी सफलता में बाधा नहीं बनती, यदि व्यक्ति के पास स्पष्ट लक्ष्य, कठोर परिश्रम और आत्मविश्वास हो। समारोह में उपस्थित अभिभावकों और ग्रामीणों ने भी इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि गुरुकुल की निःशुल्क शिक्षा ने अनेक परिवारों के जीवन में नई उम्मीद और नई दिशा दी है। सफल अभ्यर्थियों का सम्मान समारोह क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणा और उत्साह का केंद्र बना रहा।

# अब सूरज की रोशनी से जगमगाएंगे गरीबों के घर

सीवान, (एजेंसी) : बिजली बिल की चिंता से जूझ रहे गरीब परिवारों के लिए बड़ी राहत की खबर है। प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत बिहार के 2.5 लाख कुटीर ज्योति उपभोक्ताओं के घरों पर सौर ऊर्जा संयंत्र लगाने की महत्वाकांक्षी योजना का शुभारंभ किया गया है। करीब 1512 करोड़ रुपये की लागत वाली इस योजना से आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को स्वच्छ, सस्ती और टिकाऊ बिजली उपलब्ध होगी।

ऊर्जा विभाग द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में इस योजना का विधिवत शुभारंभ किया गया। सीवान में जिलाधिकारी, अपर समाहर्ता समेत सभी जिला स्तरीय अधिकारी समाहरणालय स्थित सभाकक्ष से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कार्यक्रम से जुड़े।

योजना के तहत पात्र लाभुकों





के घरों की छतों पर सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित किए जाएंगे, जिससे उन्हें बिजली की नियमित उपलब्धता के साथ बिजली खर्च में भी उल्लेखनीय कमी आएगी। इसके अलावा नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा मिलने से पर्यावरण संरक्षण और कार्बन उत्सर्जन में कमी लाने में भी मदद मिलेगी।

अधिकारियों ने बताया कि प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। इससे गरीब परिवार न केवल बिजली के मामले में आत्मनिर्भर बनेंगे, बल्कि स्वच्छ ऊर्जा के उपयोग से हरित भविष्य के निर्माण में भी सहभागी बनेंगे।

कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने इसे जनहित की बड़ी योजना बताते हुए लोगों से अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार और ऊर्जा विभाग इस योजना को घर-घर तक पहुंचाने के लिए लगातार प्रयासरत हैं।

# छपरा में स्काउट और गाइड के एकता शिविर का कल शिक्षा मंत्री मिथलेश तिवारी करेंगे उद्घाटन

सारण, (एजेंसी) : भारत स्काउट और गाइड सारण के तत्वावधान में आयोजित होने वाले जिला स्तरीय एकता शिविर 2026 की तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। शिविर के पूर्व संध्या पर आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कार्यक्रम की विस्तृत रूपरेखा साझा की गई।

इस भव्य आयोजन का विधिवत उद्घाटन बिहार सरकार के शिक्षा मंत्री मिथलेश तिवारी करेंगे, जबकि समापन समारोह के मुख्य अतिथि कला संस्कृति मंत्री होंगे। शिविर के दौरान प्रत्येक दिन चार विशेष सत्र आयोजित किए जाएंगे, जिसमें युवाओं को राष्ट्र निर्माण और जीवन रक्षक कौशलों से जोड़ा जाएगा। इसके तहत आपदा प्रबंधन, अग्निशामक प्रशिक्षण, साइबर सुरक्षा, पर्यावरण संरक्षण और यूथ फोरम के तहत वैचारिक चर्चाएं होंगी। इसके अतिरिक्त रंगोली, मेहंदी, पेंटिंग प्रतियोगिता और हर शाम कैंप फायर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन होगा।

इस शिविर में महाराजगंज के सांसद, छपरा एवं माझी के विधायक समेत कई जनप्रतिनिधि शामिल होंगे। साथ ही, युवाओं का मार्गदर्शन करने के लिए जिला अधिकारी सारण, उप विकास आयुक्त सारण और डिस्ट्रिक्ट जज समेत विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय पदाधिकारी मौजूद रहेंगे। प्रेस कॉन्फ्रेंस में भारत स्काउट और गाइड सारण के उपाध्यक्ष सह सीपीएस ग्रुप के चेयरमैन डॉ० हरेंद्र सिंह, जिला संगठन आयुक्त स्काउट अमन राज, जिला प्रशिक्षक प्रणव, आशुतोष, सोनू, हार्दिक और मोहित मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# खान सर कोचिंग विवाद: नामजद आरोपी प्रिंस यादव की नेपाल में संदिग्ध मौत

पटना,(एजेंसी) : खान सर कोचिंग विवाद से जुड़े एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम में ज्ञानबिंदु कोचिंग के निदेशक रौशन आनंद के भाई प्रिंस यादव की नेपाल में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है। प्रिंस का शव नेपाल के विराटनगर स्थित एक होटल से बरामद किया गया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, उनके शरीर में जहर पाए जाने की आशंका जताई जा रही है। मामले की जांच में जुटी नेपाल पुलिस ने पांच लोगों को हिरासत में लिया है।यहां बताते चलें कि प्रिंस यादव का नाम 2 जून को पटना में खान सर की कोचिंग पर हुए हमले के मामले में दर्ज एफआईआर में शामिल था। यह प्राथमिकी खान सर की ओर से दर्ज कराई गई थी, जिसमें प्रिंस को नामजद आरोपी बनाया गया था। एफआईआर दर्ज होने के बाद वह अपने कुछ दोस्तों के साथ नेपाल में रह रहा था। मीडिया रिपोर्ट के में बताया जा रहा है, कि परिजनों को रविवार सुबह सोशल मीडिया के माध्यम से प्रिंस की मौत की सूचना मिली। प्रिंस यादव के चाचा मनोज सिंह के हवाले से बताया गया, कि मौत के कारणों को लेकर अभी स्पष्ट जानकारी नहीं है, लेकिन होटल में हुई इस घटना को संदिग्ध माना जा रहा है। सूचना मिलने के बाद परिवार के सदस्य नेपाल के लिए रवाना हो गए। इस घटना से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।

# पारंपरिक उत्पादों को जीआई टैग मिलने से नीतीश कुमार खुश

**नालंदा की बावन बूटी, गया की पत्थरकट्टी शिल्पकला और भोजपुर की पीड़िया पेंटिंग को मिली विशिष्ट पहचान**

पटना,(एजेंसी) :बिहार की समृद्ध सांस्कृतिक और हस्तशिल्प परंपरा को बड़ी पहचान मिली है। राज्य के तीन पारंपरिक उत्पादों–नालंदा की बावन बूटी, गया की पत्थरकट्टी स्टोन क्राफ्ट और भोजपुर की पीड़िया पेंटिंग–को भौगोलिक संकेतक (जीआई) टैग प्रदान किया गया है। इस उपलब्धि को राज्य के शिल्पकारों, बुनकरों और कलाकारों के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है। इससे पूर्व सीएम नीतीश कुमार खासे खुश हैं। इस अवसर पर राज्यसभा सदस्य नीतीश कुमार ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि जीआई टैग मिलने से इन उत्पादों की प्रामाणिकता और विशिष्ट पहचान को मजबूती मिलेगी। उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि यह बिहार की सांस्कृतिक विरासत के लिए गौरव का विषय है और इससे राज्य की पारंपरिक कलाओं को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान मिलेगी। पूर्व मुख्यमंत्री ने इस उपलब्धि पर राज्य के शिल्पकारों, बुनकरों, कलाकारों और संबंधित संस्थाओं को बधाई देते हुए कहा कि इससे बिहार की सांस्कृतिक धरोहर को वैश्विक मंच पर और अधिक सम्मान प्राप्त होगा।वहीं, संजय कुमार झा ने भी इस निर्णय का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि जीआई टैग पीढ़ियों से कारीगरों द्वारा संरक्षित कौशल, परंपरा और रचनात्मकता की उचित मान्यता है। उनके अनुसार इससे बिहार के हस्तशिल्प और हथकरघा उत्पादों की पहचान मजबूत होगी तथा रोजगार, उद्यमिता और निर्यात के नए अवसर खुलेंगे।नालंदा की प्रसिद्ध बावन बूटी बिहार की प्राचीन बुनकरी परंपरा का अनूठा उदाहरण मानी जाती है। इस कला में कपड़ों पर 52 प्रकार के बौद्ध और सांस्कृतिक प्रतीकों को हाथकरघे पर बुना जाता है। वहीं गया जिले के पत्थरकट्टी गांव की शिल्पकला लगभग तीन शताब्दियों से प्रसिद्ध है। यहां के कारीगर स्थानीय काले ग्रेनाइट पत्थरों से भगवान बुद्ध, भगवान महावीर और अन्य देवी-देवताओं की आकर्षक प्रतिमाएं तैयार करते हैं।

## संपादकीय

# डोनाल्ड ट्रंप के 40 झूठ पर भारी पड़ा ईरान

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान के साथ युद्ध को लेकर अभी तक 40 बड़े झूठ बोले हैं। हर झूठ के बाद शेयर बाजार में उस झूठ का असर दिखा, लेकिन ईरान के ऊपर इसका कोई असर नहीं हुआ। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप शांति के मसीहा बनना चाहते थे। उन्होंने दोबारा राष्ट्रपति बनने के बाद इजराइल और गजा का युद्ध बंद कराने की बात कही थी। उन्होंने रूस और यूक्रेन के बीच समझौता करने की बात कही थी। लेकिन डोनाल्ड ट्रंप कहीं सफल नहीं हो पाए। उल्टे ईरान युद्ध में वह बुरी तरह से फंस गए हैं। जहां से अब उन्हें निकलने का रास्ता नहीं मिल रहा है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को लगता था वह दुनिया के सबसे बड़े शक्तिशाली देश के राष्ट्रपति हैं, उनकी बात को सब मानेंगे। एक समय पर वह अपने आप को शांति के नोबेल पुरस्कार का हकदार मानकर चल रहे थे। लेकिन डोनाल्ड ट्रंप इतना झूठ बोलने के बाद भी अपने मनोवांछित फल को प्राप्त नहीं कर पाए। इस दुख का एहसास डोनाल्ड ट्रंप से ज्यादा किसको हो सकता है। जिस ईरान पर पिछले 47 सालों से अमेरिका ने प्रतिबंध लगा कर रखा और ईरान की जनता को भारी कष्ट पहुंचाया। ईरान के पूर्व सुप्रीम लीडर अयातुल्लाह खामेनेई और हमले में 165 से ज्यादा जिन बच्चों की हत्या की थी, लगता है यह पाप ट्रंप का पीछा नहीं छोड़ रहा है। अमेरिका जैसे महा शक्तिशाली राष्ट्र के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को ईरान जैसा कमजोर देश इस तरह की चुनौती देगा यह उनके सपने में भी नहीं था।

ईरान ने जिस तरह से पिछले 4 महीने में अमेरिका को उसकी औकात दिखाई है इसकी कल्पना शायद किसी ने भी नहीं की थी। ईरान जैसा कमजोर देश, जिस पर इतने सारे प्रतिबंध लगे हों, अमेरिका ने जहां सत्ता पलटने की भरपूर कोशिशें कर लीं हों, आर्थिक दृष्टि से कमजोर ईरान उसे इस तरह से मात देगा। उसके कारण डोनाल्ड ट्रंप को इतने सारे झूठ बोलने पड़ेंगे। 40 झूठ बोलने के बाद भी डोनाल्ड ट्रंप अपने आप को इस युद्ध से बाहर नहीं निकाल पा रहे हैं। हाल ही में उन्होंने कहा था कि ईरान और अमेरिका के बीच समझौता हो गया है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का आज 14 जून को जन्मदिन है। उन्होंने यह कहा था कि वह अपने जन्मदिन पर सारी दुनिया को एक तोहफा देने जा रहे हैं। लेकिन यह तोहफा भी वह नहीं दे पा रहे हैं। इस समझौता पत्र पर जिनेवा में हस्ताक्षर किया जाना था, लेकिन ईरान के विदेश मंत्री अब्बास आराघची ने यह कहकर समझौते पर पलीता लगा दिया है कि अभी समझौते की शर्तों पर सहमति नहीं बनी है।

कोई भी उस व्यक्ति से प्रेम नहीं करता, जिससे वो डरता है।

: अरस्तु

ज्ञान दवा और हिम्मत तीनोऐसे नैतिक गुण है, जो पुरे विश्व में मान्य है।

: कवयुशिय्स

# सोमवती अमावस्या : श्रद्धा, विश्वास और लोकजीवन की आस्था का महापर्व



भारतीय संस्कृति में तिथि, पर्व और उत्सव केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं होते, बल्कि वे समाज की आस्था, परंपरा और सांस्कृतिक चेतना के जीवंत प्रतीक भी होते हैं। इन्हीं महत्वपूर्ण पर्वों में सोमवती अमावस्या का विशेष स्थान है। जब अमावस्या तिथि सोमवार के दिन पड़ती है, तब उसे सोमवती अमावस्या कहा जाता है। वर्ष 2026 में यह पावन अवसर 15 जून को मनाया जा रहा है। इस दिन अमावस्या, सोमवार, पितृ स्मरण, शिव आराधना तथा दान-पुण्ग य का अद्भुत संगम देखने को मिलता है।

सोमवती अमावस्या का लोकजीवन में बहुत बड़ी अहमियत है। श्रद्धा और विश्वास के साथ जुड़ी यह तिथि लोगों के उल्लास, आस्था और आध्यात्मिक चेतना का प्रतीक है। देश के विभिन्न क्षेत्रों में इस दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु पवित्र नदियों में स्नान करते हैं, मंदिरों में पूजा-अर्चना करते हैं तथा दान-पुण्य के माध्यम से समाज और धर्म के प्रति अपनी निष्ठा व्यक्त करते हैं।

सनातन धर्म में अमावस्या तिथि को पितरों के स्मरण और तर्पण का दिन माना गया है। ऐसी मान्यता है कि इस दिन किए गए तर्पण, श्राद्ध और दान से पितृ प्रसन्न होते हैं तथा अपने वंशजों को सुख, समृद्धि और उन्नति का आशीर्वाद प्रदान करते हैं। जब यही अमावस्या सोमवार को आती है, तब इसका महत्व कई गुना बढ़ जाता है, क्योंकि सोमवार भगवान शिव की उपासना का विशेष दिन माना गया है। इस प्रकार सोमवती अमावस्या पितृ पूजा और शिव भक्ति का अनूठा संगम बन जाती है।

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इस दिन प्रातःकाल ब्रह्ममुहूर्त में उठकर स्नान करने का विशेष महत्व है। यदि गंगा या किसी पवित्र नदी में स्नान का अवसर प्राप्त हो जाए तो इसे अत्यंत पुण्यदायी माना जाता है। जो लोग तीर्थस्थलों तक नहीं पहुंच पाते, वे घर पर स्नान के जल में गंगाजल मिलाकर स्नान करते हैं। स्नान के पश्चात भगवान शिव और माता पार्वती की विधिपूर्वक पूजा की जाती है। शिवलिंग पर जल, दूध और बेलपत्र अर्पित किए जाते हैं तथा सुख-समृद्धि और परिवार की मंगलकामना की जाती है।

सोमवती अमावस्या पर पीपल वृक्ष की पूजा का भी विशेष महत्व है। भारतीय परंपरा में पीपल को देववृक्ष माना गया है। मान्यता है कि इसमें देवताओं का वास होता है। महिलाएं और पुरुष पीपल के वृक्ष की पूजा कर उसकी परिक्रमा करते हैं तथा परिवार के सुख, स्वास्थ्य और दीघार्यु की कामना करते हैं। यह परंपरा केवल धार्मिक ही नहीं, बल्कि प्रकृति संरक्षण का भी संदेश देती है। भारतीय संस्कृति ने वृक्षों को पूजनीय बनाकर पर्यावरण संरक्षण की भावना को भी बढ़ावा दिया है।

लोकजीवन में सोमवती अमावस्या केवल पूजा-पाठ तक सीमित नहीं है। यह सामाजिक समरसता और मानवीय संवेदनाओं का भी पर्व है। इस दिन दान-पुण्य करने की परंपरा लोगों को जरूरतमंदों की सहायता के लिए प्रेरित करती है। अन्न, वस्त्र, फल, मिठाई, अनाज और अन्य आवश्यक वस्तुओं का दान करके लोग समाज के कमजोर वर्गों के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाते हैं। इससे सामाजिक सद्भाव और सहयोग की भावना मजबूत होती है।

भारत के विभिन्न राज्यों में सोमवती अमावस्या को अलग-अलग परंपराओं और रीति-रिवाजों के साथ मनाया जाता है। कहीं विशाल मेले लगते हैं तो कहीं धार्मिक यात्राएं निकाली जाती हैं। मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना का आयोजन होता है और भजन-कीर्तन से वातावरण भक्तिमय बन जाता है। ग्रामीण क्षेत्रों में भी इस पर्व को लेकर विशेष उत्साह देखा जाता है। परिवार के सदस्य एक साथ पूजा करते हैं और धार्मिक आयोजनों में भाग लेते हैं। इससे पारिवारिक एकता और सामाजिक जुड़ाव को भी बल मिलता है।

महिलाओं के लिए भी सोमवती अमावस्या का विशेष महत्व माना गया है। अनेक महिलाएं इस दिन व्रत रखती हैं और अपने परिवार की सुख-समृद्धि तथा पति की दीघार्यु के लिए भगवान शिव और माता पार्वती की आराधना करती हैं। धार्मिक विश्वास है कि श्रद्धा और भक्ति से किया गया व्रत जीवन में सकारात्मक ऊर्जा और मंगलकारी फल प्रदान करता है।

वर्ष 2026 की सोमवती अमावस्या को विशेष रूप से महत्वपूर्ण माना जा रहा है क्योंकि इस दिन कई शुभ संयोग एक साथ बन रहे हैं। सोमवार के दिन पड़ने वाली अमावस्या, ज्येष्ठ अधिक मास का समापन और मिथुन संक्रांति जैसे योग इस दिन के धार्मिक महत्व को और अधिक बढ़ा रहे हैं। ज्योतिषीय दृष्टि से भी इसे पुण्यकारी अवसर माना जा रहा है। ऐसी मान्यता है कि इस दिन किए गए जप, तप, दान और पूजा का फल सामान्य दिनों की अपेक्षा अधिक प्राप्त होता है।

सोमवती अमावस्या हमें अपने पूर्वजों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का अवसर भी प्रदान करती है। आधुनिक जीवन की भागदौड़ में जहां लोग अपनी परंपराओं और मूल्यों से दूर होते जा रहे हैं, वहीं ऐसे पर्व हमें अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ने का कार्य करते हैं। पितरों का स्मरण केवल धार्मिक कर्मकांड नहीं, बल्कि अपनी विरासत, परिवार और संस्कारों के प्रति सम्मान प्रकट करने का माध्यम है।

आज के समय में जब भौतिकता और प्रतिस्पर्धा जीवन का प्रमुख हिस्सा बनती जा रही है, तब सोमवती अमावस्या जैसे पर्व हमें आध्यात्मिकता, सेवा, दया और परोपकार का संदेश देते हैं। यह दिन हमें याद दिलाता है कि जीवन केवल व्यक्तिगत सफलता तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज, परिवार और प्रकृति के प्रति हमारी जिम्मेदारियां भी उतनी ही महत्वपूर्ण हैं।

अंततः कहा जा सकता है कि सोमवती अमावस्या भारतीय संस्कृति की जीवंत परंपराओं का एक महत्वपूर्ण पर्व है। यह श्रद्धा, विश्वास, भक्ति, दान और पितृ सम्मान का अनुपम संगम है। लोकजीवन में इसकी गहरी पैठ है और करोड़ों लोगों की आस्था इससे जुड़ी हुई है। यह पर्व न केवल धार्मिक महत्व रखता है, बल्कि सामाजिक एकता, पारिवारिक सौहार्द, प्रकृति संरक्षण और मानवीय मूल्यों को भी सुदृढ़ करता है। श्रद्धा और विश्वास से परिपूर्ण सोमवती अमावस्या वास्तव में भारतीय लोकजीवन के उल्लास, आध्यात्मिक चेतना और सांस्कृतिक गौरव का प्रतीक है।

कांतिलाल मांडोत

(यह लेखक के व्यक्तिगत विचार हैं इससे संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है)

# दक्षिण की फिल्में कहानी से शुरू होती हैं, बॉलीवुड स्टार से शुरू होता है

जब कोई फिल्म अपनी मिट्टी की गहराइयों से जन्म लेती है, तब वह केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं रह जाती; वह अपने समय और समाज का जीवंत महाकाव्य बन जाती है। दक्षिण भारतीय सिनेमा का सबसे बड़ा सामर्थ्य यही है कि वह कहानी को केंद्र में रखता है। वहां पहले कथा जन्म लेती है और फिर उसी कथा के भीतर से नायक उभरता है। किरदार मिट्टी से निकलते हैं, उनकी धड़कनों में लोकजीवन की लय बसती है और उनकी आंखों में पीढ़ियों के सुख-दुःख झलकते हैं। वहीं बॉलीवुड की शुरूआत आजकल स्टार से होती है – पहले चेहरा तय, फिर उसके एंट्री शॉट्स, उसके कपड़े, उसके डायलॉग और अंत में व्यक्तित्व के अनुरूप कथानक गढ़ा जाता है। नतीजा यह कि साउथ की फिल्में दिल की गहराई तक उतर जाती हैं, जबकि बॉलीवुड की फिल्में सतह पर चमककर रह जाती हैं।

साउथ का गांव जब पर्दे पर बोलता है, तो उसकी आवाज में सदियों की स्मृति, आस्था और संघर्ष की गूंज सुनाई देती है। ह्यकांताराह्न, ह्यपेड्डीह्न, ह्यपुष्पाह्न या ह्यजेलरह्न जैसी फिल्मों में गांव केवल पृष्ठभूमि नहीं, बल्कि एक सजीव, सांस लेता हुआ चरित्र है। वहां की मिट्टी की महक, लोकदेवताओं में विश्वास, परंपराओं की शक्ति और आम आदमी का संघर्ष – सब दर्शक की रगों में उतर जाता है। दर्शक महसूस करता है कि वह फिल्म नहीं देख रहा, बल्कि अपनी सांस्कृतिक आत्मा को पुनः खोज रहा है। इसके उलट बॉलीवुड का शहर रोशनी से भरा होकर भी भीतर से खाली लगता है; वहां चमक है, पर संवेदना नहीं–चेहरे दिखते हैं, पर किरदार दिल में नहीं बसते।

सबसे उल्लेखनीय तथ्य यह है कि बॉलीवुड स्वयं अब इस सच्चाई को स्वीकार करने लगा है। वह दक्षिण की मूल कहानियों को हिंदी में डब करके या रीमेक बनाकर पेश कर रहा है और वे फिल्में ब्लॉकबस्टर साबित हो रही हैं। ह्यदृश्यमह्न, ह्यजेलरह्न और ह्यकेजीएफह्न जैसी फिल्में हिंदी डब्ड वर्जन में जबरदस्त सफलता पा चुकी हैं। बॉलीवुड की अनेक बड़े स्टार स्टूडियो अब साउथ की पटकथाओं पर निर्भर हो गए हैं क्योंकि उन्हें अपनी मिट्टी से कहानियाँ निकालने की कला लगभग खो चुकी है। वे स्टार की चमक से चमकाने की कोशिश करते हैं, पर असली जादू तो दक्षिण की कहानी में ही है।

यह अंतर केवल निर्देशन, तकनीक या पटकथा का नहीं, बल्कि सोच और दृष्टि का अंतर है। दक्षिण का फिल्मकार अभी भी अपनी जड़ों से गहराई से जुड़ा हुआ है। वह जानता है कि असली नायक कहानी है, संघर्ष है, समाज की सामूहिक स्मृति है। इसलिए वह स्टार को किरदार में घुलने देता है, स्टार को किरदार पर हावी नहीं होने देता। यही वजह है कि राम चरण ह्यपेड्डीह्न में एक साधारण देहाती योद्धा बनकर भी पूरे देश का दिल जीत लेता है। वह अपनी जड़ों को नहीं छोड़ता, जड़ें उसे उड़ान देती हैं। इसके विपरीत बॉलीवुड का स्टार जड़ों को काटकर उड़ान भरने की कोशिश करता है, इसलिए उसकी उड़ान छोटी, दिखावटी और जल्दी थक जाने वाली साबित होती है।

दक्षिण भारतीय फिल्मों की कहानियां समय की गहराइयों में उतरती हैं। वे लोककथाओं, पुराणों, क्षेत्रीय इतिहास और समकालीन यथार्थ को एक सूत्र में पिरो देती हैं। उनके एक-एक फ्रेम में संस्कृति की सांस सुनाई देती है, परंपरा का स्पर्श महसूस होता है और मानवीय संवेदनाओं की आंच दिखाई देती है। फिल्म समाप्त होने के बाद भी उसके पात्र और प्रसंग दर्शक के भीतर जीवित रहते हैं। बॉलीवुड इस कला को लगभग भूल चुका है। वहां कहानी को इतना सजाया और चमकाया जाता है कि कई बार उसकी स्वाभाविकता ही धूमिल पड़ जाती है। फिल्में देखी तो जाती हैं, पर वे हमेशा दर्शक के मन में घर नहीं बना पातीं।

आज का दर्शक भी बदल चुका है। वह केवल चमक-दमक से प्रभावित होने वाला दर्शक नहीं रहा। वह ऐसे सिनेमा की तलाश में है जिसमें पात्र सांस लेते हों, संघर्ष करते हों, घायल होते हों और जीवन की वास्तविकता को जीते हों। वह बनावटी पूर्णता नहीं, मानवीय सच्चाई देखना चाहता है। साउथ सिनेमा इस प्यास को बखूबी समझता है। इसलिए जब उसका गांव बोलता है, तो दिल्ली, मुंबई और देश के अन्य महानगर भी चुपचाप सुनने को मजबूर हो जाता है। दूसरी ओर बॉलीवुड का शहर अब भी बड़े बजट, विशाल प्रचार और भव्य प्रस्तुतियों के सहारे अपनी बात कहने का प्रयास कर रहा है, लेकिन उसकी आवाज अब खोखली और बेमानी लगती है।

दक्षिण की फिल्मों की सबसे बड़ी विजय यह है कि वे दर्शक को उपभोक्ता नहीं, सहभागी बनाती हैं। वे उससे कहती हैं– आओ, इस कहानी को सुनो, इसे महसूस करो और इसका हिस्सा बनो। दर्शक स्वयं को कथा के भीतर पाता है और पात्रों के सुख-दुःख से जुड़ जाता है। इसके विपरीत बॉलीवुड का एक बड़ा हिस्सा लंबे समय तक दर्शक को केवल तमाशे का उपभोक्ता मानता रहा–देखो, ताली बजाओ और लौट जाओ। जब तक यह मानसिकता नहीं बदलेगी, साउथ की फिल्में न सिर्फ बाजार पर राज करती रहेंगी बल्कि दिलों पर भी अमिट छाप छोड़ती रहेंगी।

आखिरकार सिनेमा की सबसे बड़ी सच्चाई यही है कि वह कहानी से जन्म लेता है, न कि स्टार की चमक से। सितारे कहानी को ऊंचाई दे सकते हैं, लेकिन कहानी का स्थान नहीं ले सकते। दक्षिण भारतीय सिनेमा ने इस सत्य को समझा और उसी के बल पर उसने पूरे देश का ध्यान आकर्षित किया। और जब तक बॉलीवुड इस सच्चाई को नहीं समझेगा, साउथ का गांव बोलता रहेगा और पूरा देश उसकी आवाज में खोता रहेगा। क्योंकि अंततः दर्शक को शोर नहीं, सत्य आकर्षित करता है; चमक नहीं, संवेदना बांधती है; और वही सिनेमा अमर होता है जो अपनी मिट्टी से जन्म लेकर मनुष्य के हृदय तक पहुंचता है।

प्रो. आरके जैन अरिजीत

(यह लेखक के व्यक्तिगत विचार हैं इससे संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है)

# ग्रामीण विकास को नई गति देगा बीवी-जी राम-जी मिशन

भारत सरकार द्वारा ग्रामीण विकास की अवधारणा को जमीनी स्तर पर साकार करने तथा ग्रामीण नागरिकों के जीवन यापन को बेहतर बनाने के उद्देश्य से महत्वपूर्ण पहल की जा रही है। इसी दिशा में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) का आधुनिकीकरण करते हुए इसे ह्यविकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण)ह्न अर्थात ह्यबीवी-जी राम-जीह्न नाम दिया गया है। इस नई व्यवस्था का उद्देश्य केवल रोजगार उपलब्ध कराना नहीं, बल्कि ग्रामीण भारत को आत्मनिर्भर और समृद्ध बनाना भी है। ग्रामीण विकास की इस महत्वाकांक्षी योजना के अंतर्गत रोजगार के पारंपरिक स्वरूप को व्यापक आयाम प्रदान किए गए हैं। योजना में ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों की आय के स्त्रोतों को सुरक्षित और सशक्त बनाने के साथ साथ स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर विकसित करने पर विशेष बल दिया गया है। यह योजना 1 जुलाई 2026 से पूरे देश में लागू होगी और ग्रामीण विकास के क्षेत्र में एक नए अध्याय की शुरूआत करेगी।

सरकार की किसी भी जनकल्याणकारी योजना की सफलता इस बात पर निर्भर करती है कि उसका लाभ अंतिम पात्र व्यक्ति तक कितनी पारदर्शिता और सहजता से पहुँचता है। बीवी-जी राम-जी मिशन के तहत न केवल 125 दिनों के रोजगार की गारंटी का प्रावधान किया गया है, बल्कि ग्रामीण नागरिकों की रुचि और स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप आजीविका के विविध अवसरों को भी प्रोत्साहित किया जाएगा। ग्रामीण क्षेत्रों में निर्मित उत्पादों, हस्तशिल्प और पारंपरिक कलाओं को निखार कर उन्हें बाजार से जोड़ने का प्रयास भी इस योजना का महत्त्वपूर्ण हिस्सा बताया जा रहा है। इस नई योजना में रोजगार के साथ-साथ ग्रामीण आत्मनिर्भरता पर विशेष जोर दिया गया है। कृषि क्षेत्र में जल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए जल संरक्षण संबंधी कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी। इसके अतिरिक्त ग्रामीण सड़कें, सार्वजनिक भवन, विद्यालय, स्वच्छता व्यवस्था तथा ग्रामीण ऊर्जा से जुड़े विकास कार्य भी योजना के दायरे में शामिल किए गए हैं। बताया जा रहा है कि योजना के क्रियान्वयन में राज्यों की भागीदारी बढ़ाने के लिए राज्य सरकारों को भी 40 प्रतिशत व्यय वहन करना होगा।

आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने की दृष्टि से रोजगार अवधि को 100 दिनों से बढ़ाकर 125 दिन किए जाने का प्रस्ताव उल्लेखनीय है। साथ ही मजदूरी भुगतान की समय-सीमा निर्धारित करने की व्यवस्था भी श्रमिकों के हित में एक सकारात्मक कदम मानी जा सकती है। ग्राम पंचायतों को स्थानीय आवश्यकताओं के आधार पर कार्यों के चयन, कार्यों की गुणवत्ता की निगरानी तथा महिला सहभागिता सुनिश्चित करने जैसे विशेष अधिकार दिए जाने की बात भी कही गई है। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में कौशल विकास और रोजगारोन्मुख गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा तथा रोजगार की तलाश में होने वाले पलायन में कमी आने की संभावना है। हालांकि यह भी एक कटु सत्य है कि देश की सबसे बड़ी रोजगार गारंटी योजना भी भ्रष्टाचार और अनियमितताओं से पूरी तरह अछूती नहीं रह सकी। अनेक स्थानों पर जहां श्रमिकों को रोजगार मिलना चाहिए था, वहाँ मशीनों से कार्य कराकर औपचारिकताएं पूरी कर दी गईं। पश्चिम बंगाल सहित कुछ राज्यों में मनरेगा कार्यों के केवल कागजों पर संचालित होने के मामले सामने आए हैं। ऐसे में यह मानने का कोई कारण नहीं है कि अन्य राज्यों में भी कहीं न कहीं इसी प्रकार की अनियमितताएँ नहीं हुई होंगी। कई बार जिम्मेदार अधिकारियों की लापरवाही अथवा प्रभावशाली लोगों के दबाव के कारण वास्तविक पात्रों की अपेक्षा अन्य लोगों को अधिक लाभ मिला।

ऐसी परिस्थितियों में केंद्र सरकार का यह दावा महत्त्वपूर्ण हो जाता है कि बीवी-जी राम-जी मिशन की निगरानी अत्याधुनिक तकनीक और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) आधारित प्रणाली के माध्यम से की जाएगी। यदि पारदर्शिता, जवाबदेही और तकनीकी निगरानी का प्रभावी समन्वय सुनिश्चित किया जाता है, तो भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने में निश्चित रूप से सहायता मिल सकती है। ग्रामीण भारत देश की आत्मा है। यदि ग्रामीण नागरिकों को सम्मानजनक रोजगार, बेहतर आधारभूत सुविधाएँ और आत्मनिर्भर आजीविका के अवसर उपलब्ध होते हैं, तो विकसित भारत का सपना भी साकार होने की दिशा में आगे बढ़ेगा। अपेक्षा की जानी चाहिए कि ग्रामीण विकास की यह महत्वाकांक्षी पहल वास्तव में जरूरतमंद और पात्र लोगों तक पहुँचे तथा महात्मा गांधी के ग्राम स्वराज और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को नई ऊर्जा प्रदान करे।

अरविंद रावल

(यह लेखक के व्यक्तिगत विचार हैं इससे संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है)

## सूडोकु नवताल- 7543

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | | | 6 | | | 1 | |
| | 6 | | 8 | 9 | | | 7 | 5 |
| 3 | | | 1 | | | | | 2 |
| | 3 | | 4 | | | | 6 | |
| 6 | | 2 | | 1 | | 4 | | 3 |
| | 8 | | | | 5 | | 2 | |
| 2 | | | | | 3 | | | 1 |
| 5 | 1 | | | 7 | 6 | | 4 | |
| | 9 | | | 4 | | | 3 | 6 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल -7542 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 6 | 4 | 2 | 7 | 9 | 5 | 3 | 1 |
| 7 | 3 | 9 | 1 | 8 | 5 | 2 | 6 | 4 |
| 1 | 5 | 2 | 4 | 3 | 6 | 7 | 9 | 8 |
| 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 2 |
| 5 | 8 | 6 | 9 | 2 | 4 | 3 | 1 | 7 |
| 2 | 9 | 7 | 5 | 1 | 3 | 8 | 4 | 6 |
| 9 | 4 | 8 | 7 | 5 | 1 | 6 | 2 | 3 |
| 3 | 7 | 5 | 6 | 4 | 2 | 1 | 8 | 9 |
| 6 | 2 | 1 | 3 | 9 | 8 | 4 | 7 | 5 |

## दैनिक पंचांग

15 जून 2026 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति




सोमवार 2026 वर्ष का 166 वा दिन
दिशाशूल पूर्व ऋतु वर्षा।
विक्रम संवत् 2083 शक संवत् 1948
मास ज्येष्ठ पक्ष कृष्ण
तिथि अमावस्या 08.24 बजे तदनन्तर प्रतिपदा 04.31 बजे प्रात: को समाप्त।
नक्षत्र मृगशीर्ष 19.09 बजे को समाप्त।
योग शूल 08.56 बजे तदनन्तर गण्ड 04.39 बजे प्रात: को समाप्त।
करण नाग 08.24 बजे, किंस्तुघ्न 18.27 बजे तदनन्तर बव 04.31 बजे प्रात: को समाप्त। चन्द्रायु 24.2 घण्टे
रवि क्रान्ति उत्तर 23° 18'
सूर्य उत्तरायन कलि अहर्गण 1872741
जूलियन दिन 2461206.5
कलियुग संवत् 5128
कल्पारंभ संवत् 1972949128
सृष्टि ग्रहारंभ संवत् 1955885128
वीरनिर्वाण संवत् 2552
हिजरी सन् 1447
महीना जिल्हेज तारीख 29
विशेष स्नानदान सोमवती अमावस्या।

| ग्रह | स्थिति | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | वृष में | मिथुन | 05.19 बजे से |
| चंद्र | वृष में | कर्क | 07.33 बजे से |
| मंगल | मेष में | सिंह | 09.49 बजे से |
| बुध | मिथुन में | कन्या | 12.01 बजे से |
| गुरु | कर्क में | तुला | 14.11 बजे से |
| शुक्र | कर्क में | वृश्चिक | 16.26 ब.से |
| शनि | मीन में | धनु | 18.42 बजे से |
| राहु | कुंभ में | मकर | 20.47 बजे से |
| केतु | सिंह में | कुंभ | 22.34 बजे से |
| राहुकाल | 7.30 से 9.00 बजे तक | मीन | 00.07 बजे से |
| | | मेष | 01.37 बजे से |
| | | वृष | 03.17 बजे से |

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| अमृत | 05.53 से | 07.22 बजे तक | चर | 05.43 से | 07.14 बजे तक |
| काल | 07.22 से | 08.50 बजे तक | रोग | 07.14 से | 08.45 बजे तक |
| शुभ | 08.50 से | 10.19 बजे तक | काल | 08.45 से | 10.17 बजे तक |
| रोग | 10.19 से | 11.48 बजे तक | लाभ | 10.17 से | 11.48 बजे तक |
| उद्वेग | 11.48 से | 01.17 बजे तक | उद्वेग | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| चर | 01.17 से | 02.45 बजे तक | शुभ | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| लाभ | 02.45 से | 04.14 बजे तक | अमृत | 02.51 से | 04.2 बजे तक |
| अमृत | 04.14 से | 05.43 बजे तक | चर | 04.22 से | 05.53 बजे तक |

चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ शुभ, अमृत व लाभ, मध्यम चर, अशुभ उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore



# कॉकटेल 2 के लिए शाहिद कपूर ने ली रश्मिका मंदाना से तीन गुना ज्यादा फीस?

शाहिद कपूर, कृति सेनन और रश्मिका मंदाना की अदाकारी वाली फिल्म 'कॉकटेल 2' 19 जून, 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है। अब सबकी नजरें फिल्म के बजट और इसकी स्टार कास्ट की फीस पर टिकी हैं। खबरों के मुताबिक, शाहिद कपूर इस फिल्म के सबसे ज्यादा फीस लेने वाले एक्टर हैं। बताया जा रहा है कि उन्होंने रश्मिका मंदाना से लगभग तीन गुना और कृति सेनन की फीस से लगभग दो गुना ज्यादा पैसे लिए हैं।

'कॉकटेल 2' के मुख्य कलाकारों की फीस पर कुल 35 करोड़ रुपये खर्च किए गए। शाहिद कपूर ने इसके लिए 21 करोड़ रुपये लिए। जबकि कृति सेनन को 8 करोड़ रुपये और रश्मिका मंदाना को 6 करोड़ रुपये मिले। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक 'कॉकटेल 2' को 150 करोड़ रुपये के बजट में बनाया गया है। इसमें से 35 करोड़ रुपये मुख्य कलाकारों की फीस के लिए रखे गए थे, जबकि लगभग 20 करोड़ रुपये फिल्म के प्रिंट और एडवरटाइजिंग कैंपेन पर खर्च किए गए। बाकी बचे 95 करोड़ रुपये फिल्म के प्रोडक्शन और सपोर्टिंग कास्ट की फीस में खर्च हुए। 'कॉकटेल 2' में शाहिद कपूर, कृति सेनन और रश्मिका मंदाना मुख्य भूमिकाओं में हैं। फिल्म का निर्देशन होमी अदजानिया कर रहे हैं। उन्होंने ही 2012 की रोमांटिक कॉमेडी 'कॉकटेल' का भी निर्देशन किया था। इसमें दीपिका पादुकोण, सैफ अली खान और डायना पेंटी थे। 'कॉकटेल 2' को मैडॉक फिल्म्स के बैनर तले दिनेश विजान प्रोड्यूस कर रहे हैं। उम्मीद है कि यह सीक्वल नए किरदारों के साथ एक नई कहानी पेश करेगा।





# 'खतरों के खिलाड़ी' के प्रोमो के बाद हुई थी ट्रोलिंग

अभिनेत्री नियति फातनानी ने कहा है कि रियलिटी शो के दौर में कई बार मशहूर हस्तियों की बातों को संदर्भ से अलग करके देखा और परखा जाता है। विशेष बातचीत में फातनानी ने 'खतरों के खिलाड़ी' के दौरान अपने अनुभव का जिक्र करते हुए बताया कि एक प्रोमो जारी होने के बाद उन्हें काफी ट्रोलिंग का सामना करना पड़ा था। हालांकि, पूरा एपिसोड प्रसारित होने के बाद लोगों को वास्तविक स्थिति समझ में आई और उन्होंने उनका समर्थन किया। फातनानी से पूछा गया, 'रियलिटी शो के बाद अक्सर एडिट किए गए क्लिप वायरल हो जाते हैं और विवाद खड़े कर देते हैं। क्या आपको लगता है कि कभी-कभी मशहूर हस्तियों की बातों को संदर्भ से हटकर समझा जाता है?'

इस पर उन्होंने अपने अनुभव का उदाहरण देते हुए कहा, 'खतरों के खिलाड़ी के दौरान जब एक प्रोमो रिलीज हुआ था, तब मुझे प्रशंसकों की ओर से काफी आलोचना झेलनी पड़ी। हालांकि, जो लोग मुझे जानते थे, उन्हें पूरा भरोसा था कि मैं कभी कुछ गलत नहीं करूंगी। एपिसोड प्रसारित होने के बाद सभी को सच्चाई पता चल गई और उन्होंने मेरा समर्थन किया। दरअसल, उस व्यक्ति को शो से बाहर कर दिया गया था।'

अभिनेत्री ने कहा, 'प्रशंसक अपने पसंदीदा कलाकारों के प्रति बेहद भावुक होते हैं और यह एक सेलिब्रिटी होने का स्वाभाविक हिस्सा है।' सोशल मीडिया के दौर में प्रतिभा और दृश्यता में कौन अधिक महत्वपूर्ण है, इस सवाल पर फातनानी ने कहा कि दोनों पूरी तरह अलग-अलग चीजें हैं। उन्होंने कहा, 'अगर कोई कलाकार प्रतिभाशाली है और अच्छा प्रदर्शन कर सकता है, तो निर्देशक और निर्माता उसे भूमिका के लिए चुनेंगे। दूसरी ओर, व्यावसायिक नजरिए से यदि किसी परियोजना को दृश्यता से फायदा मिलता है, तो प्रभावशाली सोशल मीडिया हस्तियों को भी कास्ट किया जा सकता है। सोशल मीडिया आज मनोरंजन उद्योग का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बन चुका है।' जब उनसे पूछा गया कि क्या उन्होंने कभी सोशल मीडिया पर अपने रिश्ते को छिपाने का दबाव महसूस किया है, तो उन्होंने इससे इनकार किया। उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि यह रिश्ते में शामिल लोगों पर निर्भर करता है। यदि दोनों साथी सहज हैं, तो बाकी किसी बात का कोई खास महत्व नहीं रह जाता।

## नो एंट्री 2 को लोग बहुत पसंद करेंगे

हाल ही में फिल्म को लेकर देरी, शेड्यूल की दिक्कतों और कास्ट में बदलाव की खबरें सामने आई थीं। इस लंबे समय से इंतजार की जा रही सीक्वल को लेकर काफी समय से अनिश्चितता बनी हुई है, लेकिन फिल्म अब भी चर्चा में बनी हुई है। उम्मीद की जा रही है कि इस बार फिल्म में वरुण धवन, अर्जुन कपूर और दिलजीत दोसांझ जैसे नए कलाकार नजर आएंगे।

फिल्ममेकर ने आगे बताया कि उन्होंने 'नो एंट्री 2' को बहुत प्यार से लिखा है और यह उनकी सबसे अच्छी लिखी गई फिल्मों में से एक है। उन्होंने माना कि इस प्रोजेक्ट में समय लगा है, लेकिन फिल्म जरूर आगे बढ़ रही है। उन्होंने यह भी कहा कि फिल्म से जुड़े सभी लोग इसे लेकर काफी एक्साइटेड हैं और उन्हें पूरा भरोसा है कि दर्शकों को यह फिल्म जरूर पसंद आएगी। 'जो भी लोग इस फिल्म से जुड़े हुए हैं, सब बहुत एक्साइटेड हैं। और लोग इस फिल्म को बहुत पसंद करेंगे,' उन्होंने कहा।





# इंडस्ट्री छोड़ने की खबरों पर हर्ष वर्धन कपूर ने तोड़ी चुप्पी

**बॉलीवुड अभिनेता अनिल कपूर के बेटे हर्ष वर्धन कपूर को ज्यादातर लाइमलाइट से दूर ही देखा जाता है। बतौर अभिनेता और निर्माता हर्ष वर्धन आखिरी बार 'थार' में नजर आए थे। बीते काफी वक्त से उनके आगामी प्रोजेक्ट्स की कोई जानकारी सामने नहीं आई। ऐसे में यह अफवाहें तेज हो गईं कि हर्ष वर्धन ने इंडस्ट्री छोड़ दी है। अब इस मामले पर हर्ष वर्धन ने अपनी प्रतिक्रिया जाहिर की है।**

### फैंस को दिया हर्ष ने जवाब

हर्ष वर्धन ने इस बारे में एक सोशल मीडिया पोस्ट करते हुए लिखा, 'मैंने अभिनय से बिल्कुल मुंह नहीं मोड़ा है। 'थार' की रिलीज के दिन से ही मैं एक नए प्रोजेक्ट पर काम कर रहा हूं। 'थार' को बनने में 5 साल लगे। इससे पहले विक्रम को 'भावेश जोशी सुपरहीरो' बनाने में कई साल लगे थे।'

### जल्द रिलीज होगा नया प्रोजेक्ट

अपने आगामी प्रोजेक्ट की जानकारी फैंस को देते हुए हर्ष वर्धन ने लिखा, 'इस फिल्म को पूरा करने में मुझे 2-3 साल लग गए। अब 30 जून को इसकी शूटिंग खत्म हो रही है। मैं इसका निर्माण भी कर रहा हूं। मुझे लगता है कि लोग हर अभिनेता की साल में कई फिल्में देखने के आदी हो चुके हैं। अगर आप 'भावेश', 'थार' और 'एके वर्सेस एके' जैसी फिल्में देखना चाहते हैं, तो यह साल में एक या दो बार नहीं होगा, यही सच्चाई है। लेकिन धन्यवाद और यह नई फिल्म अब तक की सबसे बेहतरीन फिल्म है, शत प्रतिशत, यह बेहद अनोखी है।'

### हर्ष वर्धन कपूर का वर्कफ्रंट

अभिनेता हर्ष वर्धन कपूर ने अपने करियर की शुरुआत रणबीर कपूर और अनुष्का शर्मा की फिल्म 'बॉम्बे वेलवेट' में सहायक निर्देशक के तौर पर की थी। इसके बाद 2016 में फिल्म 'मिर्ज्या' से उन्होंने बतौर अभिनेता डेब्यू किया। दो साल बाद उन्होंने विक्रमादित्य मोटवानी की फिल्म 'भावेश जोशी सुपरहीरो' में मुख्य भूमिका निभाई थी और इसके बाद वो 'एके वर्सेस एके' और ओटीटी पर फिल्म 'थार' में नजर आए थे।

# आकांक्षा रंजन बनेंगी दुल्हनिया, लॉन्ग टाइम बॉयफ्रेंड से करेंगी शादी?

**आलिया भट्ट की सहेली और अभिनेत्री आकांक्षा रंजन कपूर का नाम इस समय शादी की खबरों को लेकर चर्चा में बना हुआ है। आकांक्षा अपने लॉन्ग टाइम बॉयफ्रेंड शरण शर्मा से शादी करने वाली हैं।**

### कब और कहां होगी शादी

आकांक्षा और शरण अगले महीने 11 जुलाई को मुंबई में शादी करेंगे। इसके अगले दिन यानी 12 जुलाई को 'जेडब्ल्यू मैरियट' होटल में एक भव्य रिसेप्शन रखा जाएगा। यह शादी बेहद प्राइवेट होगी, जिसमें सिर्फ परिवार के लोग और करीबी दोस्त शामिल होंगे। खबरों के मुताबिक, शादी के लिए कोई प्रिंटेड इनविटेशन कार्ड नहीं भेजे गए हैं।

### चार साल का रिश्ता

दोनों पिछले करीब 4 साल से एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं। दोनों ने 2022 में अपने रिश्ते को ऑफिशियल किया था, लेकिन हमेशा अपनी पर्सनल लाइफ को लाइमलाइट से दूर ही रखा। हाल ही में एक इंटरव्यू में आकांक्षा ने खुद इस रिश्ते को कुबूल करते हुए कहा था, 'हां, मैं शरण के साथ रिलेशनशिप में हूं। मैंने कभी इस बात को छुपाया नहीं, लेकिन मुझे अपनी पर्सनल लाइफ पर ज्यादा बात करना पसंद नहीं है।'

### कौन हैं आकांक्षा

आकांक्षा रंजन कपूर अभिनेत्री आलिया भट्ट की बचपन की सहेली हैं। उन्होंने 'गिल्टी' और 'मोनिका ओ माई डार्लिंग' जैसी फिल्मों और वेब सीरीज में काम किया है। जल्द ही वह 'ग्राम चिकित्सालय सीजन 2' में नजर आएंगी।

### कौन हैं शरण शर्मा

शरण शर्मा बॉलीवुड के जाने-माने निर्देशक हैं। शरण शर्मा ने जान्हवी कपूर की फिल्म 'गुंजन सक्सेना: द कारगिल गर्ल' और 'मिस्टर एंड मिसेज माही' का निर्देशन किया है।





# हंसते-हंसाते समाज का सच दिखाना ज्यादा असरदार

बॉलीवुड की दिग्गज अभिनेत्री माधुरी दीक्षित आज भी अपनी शानदार अदाकारी और दमदार स्क्रीन प्रेजेंस के लिए जानी जाती हैं। पिछले कई दशकों से वह दर्शकों का मनोरंजन करती आ रही हैं और हर दौर में खुद को नए किरदारों के साथ साबित कर रही हैं। इन दिनों उनकी नई फिल्म 'मां बहन' चर्चा में है। फिल्म को लेकर बात करते हुए माधुरी दीक्षित ने मनोरंजन और समाज के रिश्ते पर अपने विचार साझा किए। उनका मानना है कि अगर किसी जरूरी बात को लोगों तक पहुंचाना हो, तो मनोरंजन से बेहतर तरीका कोई नहीं हो सकता।

माधुरी दीक्षित ने बातचीत में कहा, ''जब लोग किसी फिल्म या शो को देखने बैठते हैं, तो उनका मकसद कुछ समय के लिए तनाव से दूर होकर अच्छा समय बिताना होता है। ऐसे में अगर कहानी के जरिए समाज की सच्चाई भी दिखाई जाए, तो उसका असर कहीं ज्यादा होता है। लोग हंसते हुए भी यह समझ सकते हैं कि हमारे आसपास क्या हो रहा है और समाज में कौन-सी बातें सही हैं या गलत। मनोरंजन के साथ दिया गया संदेश लोगों के दिल और दिमाग तक आसानी से पहुंचता है।'' अभिनेत्री ने आगे कहा, ''किसी बात को बार-बार समझाने या उपदेश देने से लोग कई बार दूरी बना लेते हैं। लेकिन, जब वही बात मजेदार और दिलचस्प तरीके से दिखाई जाती है, तो लोग उसे ध्यान से देखते हैं और उस पर सोचते भी हैं। फिल्मों और कहानियों की यही सबसे बड़ी ताकत है। मुझे ऐसी कहानियां पसंद हैं, जिनमें मनोरंजन भी हो और कोई अच्छा संदेश भी छिपा हो।'' इसके अलावा, माधुरी ने समाज में महिलाओं और पुरुषों के प्रति अलग-अलग नजरिए की बात करते हुए पितृसत्तात्मक सोच पर सवाल उठाया।

माधुरी ने कहा, 'यह एक पितृसत्तात्मक समाज है जो प्यार और रिश्तों के मामलों में आज भी दोहरे मापदंड अपनाता हुआ आया है। अगर कोई पुरुष गर्लफ्रेंड बनाता है तो उसे रोमियो कहा जाता है, लेकिन अगर कोई महिला वैसा ही करती है तो उसे बुरा-भला कहा जाता है और नकारात्मक नजरिए से देखा जाता है।'

अभिनेत्री ने कहा, ''मेरी फिल्म 'मां बहन' इन्हीं पुरानी परंपराओं और नियमों को चुनौती देती है। फिल्म में महिलाओं को मजबूत और पारंपरिक नियमों को तोड़ने वाला किरदार दिया गया है। हर महिला सम्मान और गरिमा के साथ जीने की हकदार है।'' 'मां बहन' का निर्देशन सुरेश त्रिवेणी ने किया है। फिल्म में माधुरी के साथ तृप्ति डिमरी, धारणा दुर्गा, रवि किशन, गीतांजलि कुलकर्णी, अरुणोदय सिंह और शार्दुल भारद्वाज भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में हैं। यह फिल्म नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हो रही है।

